Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 05 | सोमवार, 05 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## टायफाइड को लेकर अमित शाह ने दिए सख्त निर्देश

# 'युद्धस्तर पर हो काम'

नई दिल्ली।

गांधीनगर में दूषित पानी के चलते टायफाइड के 100 से अधिक मामले सामने आने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री और स्थानीय सांसद अमित शाह ने रविवार को प्रशासन को युद्धस्तर पर काम करने का निर्देश दिया। साथ ही शाह ने पाइप लाइन की तत्काल मरम्मत का भी आदेश दिया।

गुजरात सरकार के अनुसार, राज्य की राजधानी में अब तक टायफाइड के 113 संदिग्ध केस पाए गए हैं। इनमें से 19 मरीजों को उपचार के बाद छुट्टी दी जा चुकी है, जबकि 94 मरीज गांधीनगर सिविल अस्पताल और सेक्टर 24 तथा 29 के स्वास्थ्य केंद्रों में उपचाराधीन हैं और उनकी हालत स्थिर है। प्रभावित क्षेत्रों में 24 घंटे ओपीडी शुरू कर दी गई है। सिविल अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों के रिश्तेदारों के लिए भी भोजन की व्यवस्था की गई है। सरकार के अनुसार, गांधीनगर में टायफाइड मामलों के मद्देनजर 75 स्वास्थ्य टीमों द्वारा गहन स्वास्थ्य प्रबंधन और सर्वेक्षण कार्य किया गया है। नगर निगम की सर्वेक्षण टीमों ने अब तक 20,800 से अधिक घरों का निरीक्षण किया है और 90,000 से अधिक लोगों को कवर किया है। रोकथाम के उपाय के तहत 30,000 क्लोरीन टैबलेट और 20,600 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। सर्वेक्षण टीमें लोगों से घर-घर संपर्क कर जागरूकता पत्रक वितरित कर रही हैं और उन्हें पानी उबालने, बाहर का खाना न खाने और हाथ साफ रखने के लिए कह रही हैं। बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए पानी की "सुपर क्लोरीनेशन" की प्रक्रिया को तेज किया गया है।



### अमित शाह ने दिया ये आदेश

गांधीनगर से सांसद शाह ने उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी, जिला कलेक्टर और नगर आयुक्त के साथ लगातार संपर्क में रहकर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली है। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को स्थिति से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करने का निर्देश दिया है। रविवार को शाह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ टेलीफोनिक चर्चा की और उन्हें निर्देश दिया कि टायफाइड से प्रभावित बच्चों और नागरिकों को त्वरित और सही उपचार मिले। उन्होंने लीक की तत्काल मरम्मत और प्रभावित क्षेत्रों में गहन निरीक्षण का आदेश दिया है।

## 'भारत पर टैरिफ और बढ़ाएंगे...', रूसी तेल को लेकर ट्रंप ने फिर अलापा पुराना राग

नई दिल्ली।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को लेकर सख्त रुख दिखाया है। उन्होंने कहा है कि अगर भारत रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर अमेरिका की मदद नहीं करता, तो भारतीय सामानों पर लगाए गए टैरिफ और बढ़ाए जा सकते हैं।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अगर भारत रूसी तेल मुद्दे पर सहयोग नहीं करता है तो अमेरिका भारत से आने वाले सामानों पर मौजूदा टैरिफ बढ़ा सकता है। ट्रंप का इशारा भारत और रूस के बीच तेल व्यापार की ओर था, जिसका ट्रंप प्रशासन लंबे समय से विरोध करता रहा है। ट्रंप ने यह भी याद दिलाया कि अगस्त 2025 में इसी मुद्दे को लेकर भारत पर टैरिफ दोगुना कर 50% कर दिया गया था। अमेरिका का आरोप रहा है कि रूस को तेल से होने वाली कमाई यूक्रेन में इस्तेमाल हो रही है। रॉयटर्स के अनुसार, ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा, ₹अगर वे रूसी तेल के मुद्दे पर मदद नहीं करते तो हम भारत पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। अपने संबोधन में ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम लिया। उन्होंने पीएम मोदी को अच्छा आदमी बताते हुए कहा कि मोदी जानते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति खुश नहीं है। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी किए गए एक ऑडियो में ट्रंप को यह कहते हुए सुना गया, ₹वह (पीएम मोदी) जानते थे कि मैं खुश नहीं था। मुझे खुश करना जरूरी था। वे व्यापार करते हैं और हम बहुत जल्दी उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। ये बयान ट्रंप ने उस ब्रीफिंग के दौरान दिए, जिसमें उन्होंने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका के अगले कदमों पर बात की।

### भारत की प्रतिक्रिया

ट्रंप के ये ताजा बयान उस दावे के कुछ महीने बाद आए हैं, जब उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अक्टूबर में ट्रंप ने कहा था, ₹अब कोई तेल व्यापार नहीं होगा। वह तेल नहीं खरीद रहे हैं।₹यह बयान 50% टैरिफ लागू होने के कुछ हफ्तों बाद आया था।

## 'अमेरिकी हमले में 40 लोग मारे गए'



नई दिल्ली।

वेनेजुएला के एक अधिकारी ने पहली बार अमेरिकी हमले में मारे गए लोगों की संख्या का खुलासा किया है। नाम न बताने की शर्त पर वेनेजुएला के अधिकारी ने बताया कि मादुरो को बंधक बनाने के लिए चलाए गए अमेरिकी ऑपरेशन में कुल 40 लोग मारे गए हैं। अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला पर किए गए हमले के बाद अब पहली बार जानमाल के नुकसान का आंकड़ा सामने आया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि शनिवार तड़के हुए अमेरिकी हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में सैन्यकर्मी और आम नागरिक दोनों शामिल हैं। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने वेनेजुएला पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमला किया। इस कार्रवाई के दौरान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को राजधानी काराकास से पकड़ लिया गया और देश से बाहर ले जाया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा था कि इस ऑपरेशन में अमेरिका की तरफ कोई मौत नहीं हुई, सिर्फ कुछ सैनिक घायल हुए।

## अब कुशीनगर तक बनेगा गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे



गोरखपुर।

यूपी और हरियाणा के 22 जिलों को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेसवे की लंबाई अब 750 किमी होगी। अगले महीने तक एलाइनमेंट का काम पूरा कर डिजाइन तैयार कर लिया जाएगा। गोरखपुर-पानीपत एक्सप्रेसवे अब कुशीनगर तक बनेगा। इस एक्सप्रेसवे को विस्तार देते हुए कुशीनगर जिले में तीन से चार किमी लंबाई तक बनाया जाएगा। यहीं से इसे सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। यूपी और हरियाणा के 22 जिलों को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेसवे की लंबाई अब 750 किमी होगी। अगले महीने तक एलाइनमेंट का काम पूरा कर डिजाइन तैयार कर लिया जाएगा। दोनों एक्सप्रेसवे के जुड़ने से सिलीगुड़ी से पानीपत तक सीधे एक फोरलेन सड़क मिल जाएगी। साथ ही पूर्वांचल को पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा से यह सड़क जोड़ेगी जिससे व्यापार और आवाजाही आसान होगी। दरअसल, पहले यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से शामली तक बनना था, लेकिन इसे विस्तार देते हुए पानीपत तक बनाने का निर्णय लिया गया।

## वेनेजुएला हमले पर कांग्रेस ने जताई गंभीर चिंता, बोली- 'यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन'

नई दिल्ली।

वेनेजुएला में हुए अमेरिकी कार्रवाई पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चिंता जाती है। वेनेजुएला पर हुए हमले को लेकर कांग्रेस का कहना है कि अमेरिका की कार्रवाई चिंता का विषय है। कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का हवाला देते हुए कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पिछले 24 घंटों में वेनेजुएला को लेकर अमेरिका की कार्रवाइयों पर



अत्यंत गंभीर चिंता व्यक्त करती है। अंतरराष्ट्रीय कानून के स्थापित सिद्धांतों का एकतरफा उल्लंघन नहीं किया जा सकता।बता दें कि कांग्रेस से पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला पर हुए हमले को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी। भारत ने कहा कि वह वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत वेनेजुएला के लोगों के कुशल-क्षेम और उनकी सुरक्षा के प्रति समर्थन की फिर पुष्टि करता है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि हम सभी संबंधित पक्षों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

### ब्रेक और टायर के घर्षण से 27000 टन अनदेखा वायु प्रदूषण

**नई दिल्ली।** संकट के भीतर एक ऐसा प्रदूषण स्रोत लगातार बढ़ता जा रहा है, जो न तो धुएं के रूप में दिखता है और न ही पारंपरिक उत्सर्जन मानकों में पूरी तरह दर्ज होता है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की बहस अब तक पराली, उद्योग और वाहनों के एग्जॉस्ट तक सीमित रही है। लेकिन इसी संकट के भीतर एक ऐसा प्रदूषण स्रोत लगातार बढ़ता जा रहा है, जो न तो धुएं के रूप में दिखता है और न ही पारंपरिक उत्सर्जन मानकों में पूरी तरह दर्ज होता है।

## दिल्ली विधानसभा शीतकालीन सत्र का आगाज आज से, कैग रिपोर्ट और प्रदूषण पर हंगामे के आसार

नई दिल्ली।

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। दिल्ली विधानसभा सदन में शीश महल सहित कैग की तीन रिपोर्ट पेश होने जा रही है। मुख्यमंत्री रहने के दौरान अरविंद केजरीवाल के बंगले में पुनर्निमाण में हुई अनियमितताओं पर सीएजी की रिपोर्ट सत्र में पेश की जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली सरकार के



विश्वविद्यालयों के संचालन में किस तरह का भ्रष्टाचार हुआ, उस पर भी कैग रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी। सरकार द्वारा विधानसभा सत्र में सरकार की ओर से कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी लाए जाएंगे।

## वायु सेना ने तेजस की पहली उड़ान की 25वीं वर्षगांठ मनाई



नई दिल्ली।

भारतीय वायु सेना ने रविवार को स्वदेशी रूप से निर्मित तेजस लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) की पहली उड़ान की 25वीं वर्षगांठ मनाई। एक पोस्ट में कहा गया, "वायुसेना इस लड़ाकू विमान के निर्माण में अटूट साझेदारी को याद करती है। एडीए के नवोन्मेषी विज्ञानियों, एचएएल के कुशल इंजीनियरों, बहादुर भारतीय वायु सेना और भारतीय वायु सेना के परीक्षण पायलटों/इंजीनियरों और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध सभी भारतीय वायु सेना कर्मियों को बधाई।" तेजस की पहली उड़ान चार जनवरी 2001 को हुई थी, जब विंग कमांडर राजीव कोठियाल ने बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे से टेक्नोलाजी डेमोंस्ट्रेटर (टीडी-1) का संचालन किया था। इस उड़ान ने विमान के परीक्षण चरण की शुरूआत की, जिसके परिणामस्वरूप अंततः इसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया और तेजस एमके1ए जैसे उन्नत संस्करणों का विकास हुआ।

### 1983 में की गई थी स्थापना

सरकार ने भारतीय वायु सेना के पुराने बेड़े को बदलने के लिए एक नए हल्के लड़ाकू विमान के विकास के प्रारंभिक लक्ष्य के साथ 1983 में लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम की स्थापना की थी।

## राजस्थान में तैयार हुई सेना की स्पेशल फोर्स 'भैरव बटालियन'

जयपुर।

सुरक्षा और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय सेना ने नसीराबाद में एक विशेष फोर्स (सैन्य बल) तैयार की है। नसीराबाद की सैनिक छावनी में तैयार हुई इस फोर्स का नाम "भैरव बटालियन" रखा गया है।

भैरव बटालियन 15 जनवरी को जयपुर में होने वाली आर्मी डे परेड में शामिल होगी। इस बटालियन के साथ ही ड्रोन ऑपरेटर्स भी तैयार किए गए हैं। इन ऑपरेटर्स को ड्रोन उड़ाने से लेकर दुश्मन के ठिकानों को निशाना बनाने एवं असली ऑपरेशन में इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इससे सेना की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। जानकारी के अनुसार आधुनिक दौर में युद्ध के तरीकों में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए भैरव फोर्स के जवानों को तैयार किया गया है। माना जा रहा है कि भैरव फोर्स सेना को नई एवं आधुनिक तकनीक से लैस करने के साथ ही दुश्मन पर अत्याधुनिक तरीके से निगरानी रखते हुए वार करने में सक्षम होगी। भैरव बटालियन को नई सोच, नई तकनीक और नई आपरेशनल जरूरत के हिसाब से तैयार किया गया है।

### जवानों को दी गई खास ट्रेनिंग

रेगिस्तानी इलाकों में कई चुनौतियों का जवानों को सामना करना पड़ता है। इसके लिए भैरव फोर्स के जवानों को प्रशिक्षण दिया गया है। माना जा रहा है कि भैरव बटालियन आगामी समय में सेना के लिए तीव्र, सक्षम और निर्णायक बटालियन साबित होगी। जानकारी के अनुसार भैरव बटालियन उच्च जोखिम वाले ऑपरेशन के लिए तैयार की गई है।



## संपादक की कलम से

# एक राष्ट्रपति अमरीकी बंधक

अमरीका का राष्ट्रपति कोई भी हो, वह किसी भी देश पर हमला करा सकता है, किसी भी संप्रभु एवं स्वतंत्र देश के राष्ट्रपति को अगवा करा अमरीकी जेल में डाल सकता है अथवा फांसी पर लटका सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति किसी भी देश के बेशकीमती संसाधनों, तेल एवं खनिज और सत्ता पर कब्जा कर सकता है। कोई भी देश, रूस और चीन भी, अमरीकी राष्ट्रपति को कोसते रहें अथवा चेतावनियां जारी करते रहें, लेकिन अमरीका ही दुनिया का सबसे खूंख्वार डॉन है। उसके सामने संयुक्त राष्ट्र आम सभा और सुरक्षा परिषद बिल्कुल नपुंसक और बेमानी हैं। अमरीकी राष्ट्रपति का आदेश ही वैश्विक कानून है। अमरीकी राष्ट्रपति को वहां की संसद (कांग्रेस) और अदालत की भी परवाह नहीं है। वह ही वैश्विक साम्राज्यवादी शासक है। मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला पर गहरी रात में, करीब 2 बजे, चौतरफा हमले करा और वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को उनके बेडरूम में ही बंधक बना कर साबित कर दिया है कि दुनिया अमरीका के मुताबिक ही चलेगी। अमरीकी सत्ता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार दोहराया कि जो मादुरो के साथ हुआ है, वह किसी के भी साथ हो सकता है! लिहाजा डर, खौफ और खतरा भांपते हुए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने सेनाओं को अलर्ट कर दिया है और सीमाओं पर तैनाती के आदेश दिए हैं। क्या अगली बारी ईरान के सुप्रीम लीडर की है? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने कथित तानाशाह मादुरो को हटाने और नार्को आतंकवाद के अपराध में दंडित करने के लिए ही वेनेजुएला के रक्षा मंत्री के आवास, हवाई अड्डे, एयरबेस, वायुसेना मुख्यालय, सैन्य रणनीतिक कार्यालय आदि पर बम-वर्षा के आदेश दिए हों, दरअसल ऐसा नहीं है। अमरीका की नजरें वेनेजुएला के करीब 305 अरब बैरल तेल के भंडारों और 1.36 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के बेशकीमती खनिजों पर थी। दुनिया के 20-22 फीसदी से अधिक तेल के भंडार वेनेजुएला में हैं। मादुरो को बंधक बनाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें उन्होंने साफ ऐलान कर दिया कि अब वेनेजुएला पर अमरीका का कब्जा है। जो ऑपरेशन किया गया, वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा ऑपरेशन था। अब वेनेजुएला के तेल कारोबार को अमरीकी कंपनियां देखेंगी। अमरीका खूब पैसा कमाएगा। मादुरो के शासन में अमरीकी तेल की चोरी की गई। अब मादुरो और उनकी पत्नी पर अमरीका में ही मुकदमा चलाया जाएगा। हम मादुरो को कड़ी सजा दिलवाएंगे। अमरीका ने पनामा के तानाशाह राष्ट्रपति मैनुअल नोरिएगा, ग्रेनेडा के शासक, इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन, लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी आदि को गिरफ्त में लेकर जो बर्ताव किया था, संभवत: वही नियति मादुरो की लगती है। अमरीकी विशेष कमांडोज ने ही अलकायदा के सरगना लादेन और आईएसआईएस के खलीफा सरगना बगदादी को भी खत्म किया था। दरअसल अमरीका के सामने वेनेजुएला मेमना देश है, लिहाजा वह क्या चुनौती देता! राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को सेफ हाउस से ही अगवा किया गया, तब पूरी सुरक्षा व्यवस्था क्या कर रही थी? वेनेजुएला के लाखों सैनिक और मिलिशिया कहां थे? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि हमने वेनेजुएला की सैन्य-क्षमता को बिल्कुल शक्तिहीन कर दिया। बेशक यूरोपीय संघ के अधिकतर देशों, रूस, चीन, ईरान, क्यूबा, ब्रिटेन, मेक्सिको, ब्राजील, कोलंबिया आदि ने अमरीकी हमले की निंदा की है। उसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। इन बयानों से क्या होगा? यदि मामला सुरक्षा परिषद में जाता है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### दिल की दरवाजे

उदय किशोर साह



बन्द कर लो तुँ लाख दिल की दरवाजे
प्रीत की चाबी से एक दिन खुल जायेगा
मिलन की चाहत हो जब अगर दिल में
जग वाले भी मिलने से रोक ना पायेगा

चेहरा अपनी तुम हमें मत दिखलाना
ख्वाबों में तेरी अक्सर मैं आ ही जाऊँगा
मन की दर्पण में हमें मुस्कुराते ही पाओगे
मेरी हँसता अक्स तुम्हें वहाँ नजर आयेगा

प्यार किया है तुम से मैं चोरी नहीं की सनम
प्रीत रीत की है ये अपना रिस्ता जनम जनम
जब जब धरा पे हम दोनों ही आयेगें कभी
प्यार की रूत देखते तड़प उठेगै सभी

लिख दी है कोरे कागज पे तेरा ही नाम
ये इकरार हम प्यार में तुमसे करते हैं
वादा निभायेगै दिन रात मेरे दिल के हमदम
जीवन तुझपे निसार करके जग को दिखलायेगें

सजदा करेगी हमारी मोहब्बत को तब जमाना
प्रेम में जब हम दोनों जग से रूखसत हो जायेगें
घर घर चर्चा होगी हमारी प्रीत की अफसाना
जब हम प्यार में हद से गुजर कर दिखबायेंगे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमेरिका-वेनेजुएला संघर्ष -अंतरराष्ट्रीय राजनीति कानून और वैश्विक शांति पर प्रभाव- एक विस्तृत समग्र विश्लेषण




वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ हैरान रह गई जब 3 जनवरी 2026 की रात अमेरिका ने ऑपरेशन एबस्युलेट रेसोल्व के नाम से एक बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया। इसके तहत अमेरिकी वायुसेना और विशेष बलों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस समेत कई इलाकों में हवाई हमले किए और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलीया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया।जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में अमेरिका द्वारा एक तेजी से आगे बढ़ी सैन्य कार्रवाई की गई, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुष्टि की कि अमेरिका ने वेनेजुएला में हवाई हमलों और विशेष ऑपरेशन के जरिए मादुरो को हिरासत में लिया और उन्हें विदेश ले लाया गया।अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि मादुरो पर नार्को- आतंकवाद, कोकीन तस्करी, साजिश और अमेरिका के खिलाफ हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप हैं,जिनके कारण वह अमेरिकी न्याय के सामने खड़ा होगा। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल ने स्पष्ट किया कि इन्हीं अभियोगों के आधार पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में मुकदमे की प्रक्रिया शुरू होगी।यह आरोप अमेरिका के अंतर्गत जारी अभियोगों पर आधारित हैं, जिनमें दावा किया जाता है कि मादुरो की सरकार और सहयोगी अमेरिकी हितों और कानूनों के खिलाफ भारी मात्रा में अवैध गतिविधियों में संलग्न थेहालांकि मादुरो और उनके समर्थक इन आरोपों से लगातार इनकार करते रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वैश्विक स्तरपर वेनजुएला और अमेरिका के बीच तनाव कोई नया विषय नहीं है। दशकों से दोनों देशों के बीच राजनीतिक,आर्थिक और सामरिक तनाव रहा है जिसमें मुख्य रूप से तेल संसाधनों, असंतुलित द्विपक्षीय संबंधों और मतभेद शामिल हैं।1976 में वेनेजुएला ने अपने तेल उद्योग को राष्ट्रीयकृत किया था,जिससे अमेरिकीकंपनियों का नियंत्रण खत्म हो गया था जिस पर अमेरिका ने लंबे समय तक आपत्ति जताई। इसके बाद से दोनों देशों के बीच कड़वी टक्कर और भी तीव्र होती गई।

साथियों बात अगर हम इस कार्रवाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक सफल सैन्य ऑपरेशन बताया है इसको समझने की करें तो, उन्होंने वेनेजुएला में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दावा किया गया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब अस्थायी रूप से वेनेजुएला के सरकारी कार्यों को संभालेगा और देश को सुरक्षित, व्यवस्थित और न्यायपूर्ण संक्रमण की ओर ले जाएगा।उनके खिलाफ नार्को-टेररिज्म,कोकीन की तस्करी और साजिश जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं और उन्हें न्यूयॉर्क के संघीय न्यायालय में ट्रायल का सामना करने का इरादा बताया गया है।अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई उन अभियोगों के आधार पर है जो मादुरो पर भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद समर्थित गतिविधियों के लिए लगाए गए हैं। वहीं मानवाधिकार संगठनों और अंतरराष्ट्रीय कानूनी विशेषज्ञों ने इस ऑपरेशन को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया है क्योंकि यह बिना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति के एक संप्रभुत राष्ट्र के खिलाफ सशस्त्र हमला है। साथियों बात अगर हम हमले के बाद विश्व के प्रमुख देशों की प्रतिक्रियाओं को समझने की करें तो, क्या तीसरा विश्व युद्ध शुरू होने वाला है ?इस वैश्विक घटना पर रूस, ईरान और क्यूबा जैसे देशों ने तेज प्रतिक्रिया व्यक्त की है।ये देश अमेरिकी कार्रवाई को वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन, क्षेत्रीय अखंडता का भंग और एक शक्तिवादी आक्रमण बताते हुए निंदा कर रहे हैं। रूस ने अमेरिका की इस हरकत को अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बताया है। ईरान और क्यूबा ने भी संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका की इस कार्रवाई की निंदा करने और शांति स्थापित करने की अपील की है।वहीं यूरोपीय संघ ने स्थितिसे कुछ अलग रुख अपनाया उन्होंने सीधे निंदा नहीं की, बल्कि तथ्यों की पुष्टि और तथ्यों के प्रकाश में निर्णय लेने की बात कही,यह कहते हुए कि वे अंतरराष्ट्रीय नियमों का सम्मान करते हैं।जिसका व्यापक अर्थ यह है कि ईयू ने खुलकर अमेरिका का समर्थन नहीं किया, लेकिन स्पष्ट निंदा भी नहीं की। कुछ देशों ने इस संकट को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक का विषय बनाया है, तकरीबन सभी प्रमुख वैश्विक शक्तियाँ इस घटना को अंतरराष्ट्रीय कानून की बड़ी परीक्षा के रूप में देख रही हैं।साथियों बात अगर हम तेल और ड्रग्स विवाद कीपृष्ठभूमि को समझने की करें तो अमेरिका का कहना यह है कि वेनेजुएला दुनियाँ के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक का घर है और यह देश नशीले पदार्थों और अपराध नेटवर्क के लिए एक मुख्य केंद्र बन गया है,इसलिए इस कार्रवाई को उसने नशीले पदार्थों का मुकाबला करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित रखने की आवश्यक कार्रवाई बताया है।परन्तु आलोचक इसे तेल संसाधनों पर नियंत्रण पाने की एक अर्थव्यवसायिक रणनीति के रूप में भी देखते हैं। वे तर्क देते हैं कि इस हमले के पीछे आर्थिक हितों की बड़ी भूमिका हो सकती है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल भंडारों के कारण यह क्षेत्र आर्थिक और सामरिक रणनीति के केंद्र में पहुंच गया है। साथियों बात अगर हम मानवाधिकार और वैधता के सवाल के दृष्टिकोण से समझने की करें तो, कई मानवाधिकार समूहों ने कहा है कि अमेरिका बिना सबूत और पारदर्शिता के निर्दोष नागरिकों और नेताओं को निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ हो सकती है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि एक देश दूसरे देश पर बिना सुरक्षा परिषद की अनुमति या प्रस्तुत खतरे के जवाब में बल का प्रयोग नहीं कर सकता है। यह विवाद अब अंतरराष्ट्रीय अदालतों, संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक शांति संरचनाओं के लिए एक बड़ा परीक्षण बन गया है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय कानून और सार्वभौमिक संप्रभुता के दृष्टिकोण से इस मुद्दे को समझने की करें तो,किसी देश के सिटिंग राष्ट्रपति-समेत किसी राष्ट्राध्यक्ष को एक अन्य देश के सशस्त्र बलों द्वारा पकड़कर विदेश लाना, अंतरराष्ट्रीय कानून सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का जटिल उल्लंघन हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर की धारा 2(4) के अनुसार, किसी अन्य राज्य के खिलाफ बल प्रयोग केवल स्वयं रक्षा या यूएन सुरक्षा परिषद की अनुमति के तहत ही किया जा सकता है।अमेरिका ने अपने आपरेशन को न्यायिक कारणों, मादुरो पर अभियोग और सुरक्षा हितों के आधार पर समझाया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय न्याय विशेषज्ञ यह कहते हैं कि किसी अन्य देश के उच्चतम नागरिक नेता के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और हिरासत लेना सीधे तौर पर संप्रभुता का उल्लंघन और बल प्रयोग का उदाहरण है, जब तक कि यह सीधे तौर पर खुद अमेरिका के विरुद्ध सीधा हथियारबंद हमला न रहा हो. कई विशेषज्ञों ने इसे अपराधी आक्रमण तक कहा है जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ है।संप्रभुता का उल्लंघन तब अधिक गहरा हो जाता है जब उस देश की संसद या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी नहीं ली जाती,जैसा इस मामले में स्पष्ट नहीं दिख रहा है।अंतरराष्ट्रीय कानून के मानदंडों के अनुसार, वर्चस्ववादी शक्तियों के इस तरह के हस्तक्षेप से वैश्विक आदेश और मानक प्रभावित होते हैं, जिससे भविष्य में अन्य नियमित रूप से चुने गए नेताओं पर भी इसी तरह के दावों के आधार पर कार्रवाई का परिसेडेंट बन सकता है।



गोंदिया

# हर्ब्स को हफ्तों तक ताजा रखने के आसान घरेलू तरीके, जानें यहां

अगर आप हर्ब्स को स्टोर करना चाहते हैं तो पहले उन्हें अच्छी तरह धोकर सुखाएं। इसके लिए आप हर्ब्स को ठंडे पानी में धीरे से धोएं। फिर एक्स्ट्रा पानी झाड़कर उन्हें एक साफ तौलिए पर फैलाएं। अब इन हर्ब्स को पूरी तरह से सूखने दें। ध्यान रखें कि अगर इनमें नमी रह जाती है, तो हर्ब्स जल्दी खराब हो जाती हैं।

खाने के अगर फ्रेश हर्ब्स का इस्तेमाल किया जाए तो इससे टेस्ट पूरी तरह से बदल सकता है। करीपत्ते से लेकर धनिया व पुदीना खाने के टेस्ट को नेक्स्ट लेवल पर ले जाते हैं। अमूमन हम मार्केट से इन हर्ब्स का एक बड़ा गुच्छा खरीदते हैं, लेकिन एक बार में इन्हें थोड़ा सा ही इस्तेमाल किया जाता है और फिर बाकी कुछ ही दिनों में फ्रिज में खराब हो जाता है। ऐसे में पैसे यू ही वेस्ट हो जाते हैं। हम सभी के साथ अक्सर ऐसा होता है। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन अगर आप थोड़ा स्मार्ट तरीका अपनाते हैं तो ऐसे में इन हर्ब्स को महीनों तक भी आसानी से स्टोर किया जा सकता है। इससे आप उन्हें लंबे समय तक बिना किसी परेशानी के आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

**ठीक से धोएं और सुखाएं**

अगर आप हर्ब्स को स्टोर करना चाहते हैं तो पहले उन्हें अच्छी तरह धोकर सुखाएं। इसके लिए आप हर्ब्स को ठंडे पानी में धीरे से धोएं। फिर एक्स्ट्रा पानी झाड़कर उन्हें एक साफ तौलिए पर फैलाएं। अब इन हर्ब्स को पूरी तरह से सूखने दें। ध्यान रखें कि अगर इनमें नमी रह जाती है, तो हर्ब्स जल्दी खराब हो जाती हैं।

**आजमाएं पेपर टॉवल रैप तरीका**

अगर आप धनिया, पुदीना, अजमोद, डिल जैसी हर्ब्स को स्टोर करना चाहती हैं तो ऐसे में पेपर टॉवल रैप तरीके को आजमाएं। इसके लिए आप हर्ब्स को सूखे पेपर टॉवल पर रखें, फिर धीरे से रोल करें। अब इसे एयरटाइट बॉक्स में रखें। इस तरह हर्ब्स 1-2 हफ्ते तक खराब नहीं होती हैं। आप हर दिन कुछ मात्रा में इन हर्ब्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**करें फ्रीज**

अगर आप हर्ब्स को महीनों तक स्टोर करना चाहते हैं तो ऐसे में उन्हें फ्रीज करना सबसे अच्छा रहता है। इसके लिए आप साबुत पत्तियों को धोकर सुखा लें। अब इन्हें जिप बैग में स्टोर करें और फ्रीज करें। इसके अलावा हर्ब्स से आइस क्यूब भी बनाए जा सकते हैं। इसके लिए आप हर्ब्स को काटें और आइस ट्रे में डालें। इसे पानी या जैतून के तेल से भरकर फ्रीज करें। सूप, दाल, ग्रेवी के लिए यह बहुत बढ़िया ऑप्शन है। इस तरह आपकी हर्ब्स 3-6 महीने तक आसानी से चल जाती हैं।



# भारत में स्कीइंग का जुनून: इन शानदार जगहों पर लें बर्फ और रोमांच का मजा

**वेलकम इंडिया**

सर्दियों के मौसम में रोमांच और घूमने-फिरने का बेहतरीन मेल तलाश रहे हैं, तो स्कीइंग एक शानदार विकल्प साबित होती है। भारत के कई बर्फीले पर्यटन स्थल ऐसे हैं, जहां नए सीखने वालों से लेकर अनुभवी स्कीअर्स तक सभी के लिए यादगार अनुभव उपलब्ध हैं। विंटर में पहाड़ों पर बर्फ की चमक और ठंडी हवाएं एडवेंचर लवर्स को अपनी और जरुर खींचती हैं। स्कीइंग सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि बर्फ से ढकी वादियों के बीच खुद को आजाद महसूस करने का अनुभव है। स्कीइंग करने की चाहत रखने वाले लोग कई बार विदेश जाने का प्लान करते हैं, हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि भारत में भी विश्वस्तरीय स्कीइंग डेस्टिनेशन्स मौजूद हैं।

**गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर**

भारत का सबसे फेमस स्कीइंग डेस्टिनेशन हैं। यहां की पाउडर स्नो और लंबी ढलाने प्रोफेशनल स्कीअर्स को खास तौर पर आकर्षित करती हैं। स्कीइंग के अनुभव के लिए गुलमर्ग गोंडोला एशिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है।

**औली, उत्तराखंड**

औली को भारत का स्कीइंग हब कहा जाता है। यहां की ढलाने बिगनर और इंटरमीडिएट स्कीअर्स दोनों के लिए एकदम परफेक्ट हैं। हर साल औली में नेशनल और इंटरनेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप आयोजित की जाती हैं इसकी पहचान और भी मजबूत होती है।

**सोलंग वैली, हिमाचल प्रदेश**

वैसे तो मनाली एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां स्कीइंग के साथ स्नोबोर्डिंग और अन्य विंटर एक्टिविटीज का भी मजा लिया जा सकता है। अगर आप पहली बार स्कीइंग ट्राय करने वालों के लिए यह जगह एकदम सेफ है।

**कुफरी, हिमाचल प्रदेश**

शिमला के पास स्थित एक फैमिली-फ्रेंडली स्कीइंग डेस्टिनेशन है। यहां हल्की ढलानें और आसान ट्रैक्स बच्चों और नए स्कीअर्स के लिए एकदम उपयुक्त है।

**नारकंडा और पहलगाम**

यह जगह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो भीड़ से दूर शांत वातावरण में स्कीइंग करना चाहते हैं। यह जगहें प्राकृतिक सुंदरता के अलावा एडवेंचर का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

**कब है बेस्ट टाइम?**

स्कीइंग के लिए दिसंबर से मार्च का समय सबसे बेस्ट माना जाता है। यदि आप सर्दियों में कुछ नया और रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जरुर जाएं।



# आयुष्मान भारत: 20 गांवों में लगे विशेष शिविर, सैकड़ों पात्रों के बने गोल्डन कार्ड

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** आयुष्मान भारत योजना से वंचित गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक पांच लाख रुपये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से नगर क्षेत्र सहित आसपास के 20 गांवों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। लोगों ने केम्पों में पहुंचकर अपने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाए। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना था, जो अब तक इससे नहीं जुड़ पाए थे।डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए संजीवनी साबित हो रही है।उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को योजना से जोड़ने की अपील की। शिविरों में सीएचओ, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकर्त्री एवं पंचायत सहायकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सीएचसी के चिकित्सकों ने भी शिविरों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डॉक्टर सत्यपाल सिंह ने स्वयं चंदुपुरा, लालपुर, पीपली नायक, भाऊपुरा, मेवला कलां एवं दढ़ियाल आदि गांवों में पहुंचकर शिविरों का जायजा लिया और लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से सैकड़ों जरूरतमंदों ने शिविरों में अपने गोल्डन कार्ड बनवाए, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के इलाज में उन्हें निशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।



# सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स 6 जनवरी को डीएम को सौपेंगे ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के गठन हेतु 3 नवम्बर को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित करते हुए पेंशन को गैर अंशदायी एवं गैर वित्त पोषित बताये जाने वाले क्लॉज एफ03 तथा वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव उत्पन्न करने वाले प्राविधानों के विरोध में 6 जनवरी 2026 को सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

संघ के जनपद सचिव अंकित कुमार कपासिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बिजनौर के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

## पटाखों की आवाज निकालने वाली मोटरसाइकिलों पर पुलिस का अभियान जारी

**जहाँगीराबाद।** रविवार को कोतवाली क्षेत्र में पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाली मोटरसाइकिलों और खतरनाक स्टंट करने वालों के खिलाफ लगातार दूसरे दिन भी अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार व नगर चौकी इंचार्ज दीपक चाहर ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों व हैंगआउट पॉइंट्स पर विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन कर रही तीन मोटरसाइकिलों को पुलिस ने मौके पर ही सीज कर दिया। इससे पहले दिन शनिवार को भी इसी क्रम में भी दो मोटरसाइकिलों को सीज किया गया था। पुलिस प्रशासन के अनुसार कुछ युवक साइलेंसर में बदलाव कर तेज पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए सड़कों पर स्टंट कर रहे हैं। मोटरसाइकिल से निकलने वाली पटाखों की तरह निकलने वाली तेज आवाज से आम नागरिकों को परेशानी के साथ–साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेष चेकिंग के दौरान ऐसी ही तीन स्टंट बाइक पकड़ी गईं, जिनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस ने पहले ही स्पष्ट चेतावनी दी थी कि इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। नियम तोड़ने वालों पर जुमार्ना, वाहन सीज और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मोटरसाइकिल प्रेमी युवाओं से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखें।

## भाजपाइयों ने गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह के संसद में दिए एसआईआर के भाषण को सुना

शिकारपुर/रविवार को सतीश सैनी मंडल महामंत्री शिकारपुर के आवास पर मौलाना हबीब हैदर (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एवं सहप्रभारी पश्चिम बंगाल) के साथ भारतीय जनता पार्टी मंडल शिकारपुर के पदाधिकारी एवं अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह के संसद में दिए एसआईआर के भाषण को सुना...

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग मंडल उपाध्यक्ष पवन फल वाले, वीरेंद्र गर्ग मंडल मंत्री गौतम सूर्यवंशी सोनू जैन लव कुश सैनी सोनू राजपूत शक्ति केंद्र संयो जक रंजीत सैनी विजेंद्र सेन अली अख्तर शानू कमर ठाकुर आबिद राजा नकवी डॉ.लईक आदि उपस्थित रहे।

## रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**शिकारपुर।** रविवार को रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन धूमधाम के साथ हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा विधायक अनूपशहर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में केशव सदन, माधव सदन, मधुकर सदन तथा सुदर्शन सदन के खिलाड़ियों ने सहभागिता की, कबड्डी जूनियर वर्ग में सुदर्शन हाउस ने मधुकर हाउस को हराया, कबड्डी सीनियर वर्ग में केशव हाउस ने माधव हाउस को हराया, बैडमिंटन में मधुकर सदन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा, खो–खो खेल में सीनियर वर्ग में मधुकर हाउस ने जीत दर्ज की। टेबल टेनिस सुदर्शन हाउस ने केशव हाउस को हराया, ऊंची कूद में ऋषभ अत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा जूनियर वर्ग में अंशु मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घघाटन डॉ. सुशील शर्मा विभाग कार्यकारणी सदस्य आर.एस.एस. तथा समिति के प्रबंधक नरेश सिंघल ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ी छात्रों के कौशल एवं खेल भावना की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

# नजीबाबाद के प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद जनपद बिजनौर प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला के परिजनों ने महिला डॉक्टर व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। आपको बता दें मामला नजीबाबाद के बस स्टैंड के नजदीक बने डॉक्टर फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल का है जहां पर नजीबाबाद निवासी एक प्रेग्नेंट महिला का उपचार डॉ फरहत जहां की देखरेख में चल रहा था। लेकिन महिला के प्रसव वाले दिन डिलीवरी के दौरान नवजात बच्चे की मौत हो गई। महिला के परिजनों का कहना है कि अस्पताल के स्टाफ में अनट्रेंड लड़के एवं लड़कियों से मरीजों का ट्रीटमेंट कराया जा रहा है। जिसका खामियाजा मरीजों व परिजनों को भुगतना पड़ रहा है अस्पताल में अन्य मरीजों के परिजनों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरीज के चेकअप के नाम पर तरह-तरह की रिपोर्ट्स निकलवाने का खेल खेला जा रहा है सूत्रों की माने डॉ फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल लूट-खसोट का अड्डा बन चुका है। आसपास के लोगों का कहना है कि अपने रूखे व्यवहार को लेकर डॉक्टर फरहत जहां काफी चचाओं में रहती हैं। उधर नवजात की मौत के बाद महिला के परिजनों को ही नवजात की मौत का जिम्मेदार बताती नजर आई डॉक्टर फरहत जहां। जबकि महिला के परिजनों का आरोप है कि महिला के प्रसव के दौरान गलत उपचार व सही देखभाल न करने से नवजात की मौत हुई है। उधर डॉक्टर फरहत जहां का कहना है कि शुरू से ही महिला का उपचार मेरी देखरेख में चल रहा था एवं प्रसव वाले दिन महिला की सारी रिपोर्ट्स नॉर्मल थी और डिलीवरी भी नॉर्मल तरीके से की गई थी। प्रसव के बाद बच्चे में सांसे चल रही थी। लेकिन कुछ समय बाद बच्चे की सांसें थम गई मरीज महिला के परिजनों ने डॉ फरहत जहां नर्सिंग होम हॉस्पिटल की शिकायत बिजनौर एसीएमओ से की, लेकिन बिजनौर एसीएमओ ने कहा कि वे छुट्टी पर है।




# पवित्र माघ मास में गौ माता की महिमा कथा का हुआ आगाज

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद रविवार को नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में पवित्र माघ मास में माघ महात्म्य गौ कथा का शुभारंभ हो गया है। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गौ कथा प्रारंभ की। पंडित भोला शंकर शास्त्री ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय माता की सेवा करने से तैंतीस कोटी देवी - देवताओं की सेवा का पुण्य प्राप्त होता है। जिस घर के आंगन में गौ माता भोजन करके संतुष्ट होती हैं, वहां सत्यलोक के देवता स्वयं पुष्पवृष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा से जीवन और मृत्यु दोनों सुधर जाते हैं। पहले ही दिन भारी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने कथा का श्रवण किया। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि आज से प्रत्येक दिन एक फरवरी तक प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक माघ महात्म्य गौ कथा श्रवण कराया जाएगा। उन्होंने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान भी किया।

# वरुण शर्मा ने वार्ड 72 में लगातार दो दिन लगाया नये वोट बनवाने के लिए कैंप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वार्ड 72 (कौशांबी-वैशाली) में नए वोट बनाने का कैंप सक्रिय युवा भाजपा कार्यकर्ता वरुण शर्मा द्वारा लगातार दो दिन लगाया गया। पहले दिवस में यह कैंप कैलाश टावर और दूसरे दिन अंतरिक्ष अपार्टमेंट में लगाया गया जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने कैंप में आकर अपने वोट बनवाएं। वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह पहले उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्ध समाज के साथ बैठक की और कैसे यह काम किया जाए उसकी योजना बनाई। इसी कार्य योजना और अनुभव की वजह से दोनों दिन वोट बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुड़े।रविवार के कैंप में बृज विहार के निरवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी जी का प्रवास रहा जिन्होंने वरुण शर्मा के प्रयास को बेहद सराहा और पूरी प्रकिर्या की बारीकियाँ भी समझाई। इस कैंप में समाज की और से सह आयोजक अशोक परवाल, कैलाश सेठी, जगमोहन शर्मा, संगीता श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव का पूर्ण सहयोग मिला।



# कंबल वितरण समारोह में यूपी कैबिनेट मंत्री ने महिलाओं को बांटे कंबल

**वेलकम इंडिया**

**(बुलंदशहर)** रविवार को विकास खण्ड क्षेत्र अगौता के ग्राम अकबरपुर रैना में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री अनिल कुमार व विशिष्ट अतिथि महेश आर्य (पूर्व विधायक) व जय किशोर (जिला पंचायत अध्यक्ष बागपत) रहे। अकबरपुर रैना के ग्राम प्रधान व कार्यक्रम आयोजक सुनील गौतम व लोकदल के कार्यकताओं ने अनिल कुमार विधायक/कैबिनेट मंत्री का माला पहनाकर व ढोल नगाडों के साथ जोरदार स्वागत किया। सर्वप्रथम मंत्री अनिल कुमार ने डा.भीमराव अंबेडकर व चौधरी चरण सिंह की फोटो पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश व देश की सरकार द्वारा जनहित मे चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार मे प्रत्येक वर्ग के लोगों का विकास हो रहा है राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दो पर भी भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार बुलंदियों को छू रही है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सूबे की जनता को सभी जरूरतमंदों को प्रत्येक सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए हमारी सरकार प्रयासरत है।



# अपना घर सेवा समिति द्वारा 10वां नि:शुल्क नेत्र शिविर संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**बाड़ी धौलपुर राजस्थान।** बाड़ी में स्वर्गीय रामनिवास गर्ग (कम्पनी परिवार) की आठवीं पुण्य स्मृति में अपना घर सेवा समिति, बाड़ी द्वारा 10वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति, धौलपुर के सहयोग से तथा रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर के माध्यम से संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन 04 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 9 बजे से श्री सत्यनारायण धर्मशाला, बाड़ी में किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। जांच उपरांत 115 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। चयनित मरीजों के ऑपरेशन वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भसीन द्वारा रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर में किए गए। आयोजकों ने बताया कि ऑपरेशन वाले मरीजों को लेंस, दवाइयां, चश्मा, भोजन, आवास तथा ग्वालियर ले जाने व लाने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। समिति द्वारा मोतियाबिंद से पीड़ित अधिक से अधिक मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई।इस अवसर पर बाड़ी के प्रमुख उद्योगपति एवं अपना घर सेवा समिति के संरक्षक सुनील गर्ग एवं राकेश गर्ग (कम्पनी परिवार) का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा, जिनके संरक्षण में यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के सफल आयोजन में अपना घर सेवा समिति पुरुष एवं महिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, सचिव हरिओम सिंघल, महिला अध्यक्ष ऊषा मित्तल, सचिव नीलम मंगल, शिविर संयोजक विष्णुदत्त मेहरे, कांग्रेस सेवादल जिला महासचिव अभिषेक यादव सह-संयोजक रामनिवास अग्रवंशी के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज मोदी, अमित मंगल, रामसेवक मंगल, अनिल मंगल, पप्पन, राजेश शर्मा, जगन्नाथ कोहली, राजुद्दीन (एडवोकेट), नीरज गौड़, महेश सर्राफ, विजय सिंघल, कपिलङ्क गर्ग, हरिओम सिंघल सहित समिति के सभी सदस्यों ने सेवा भावना से सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शाम के समय कार्यक्रम का समापन प्रमुख आध्यात्मिक गुरु गोविंद मीना के प्रेरणादायी प्रवचनों के साथ हुआ।इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों के लिए सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाएं

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला यातायात के सहयोग से मनाएं जा रहे माह के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन, गुलाब बाग चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच संघन समझाइश अभियान चलाया गया है।टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और राजस्थान सरकार द्वारा गुड सेमीरेटन के रूप में आपको सम्मानित किया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि मानव धर्म को ऊपर रखते हुए घायलों को चिकित्सालय पहुंचाएं और सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने टेंपो चालकों से कहा कि क्षमता से अधिक सवारियां वाहन में ना बैठाएं। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का उपयोग करें। वह वाहन की हेड लाइट दुरुस्त रखें, तथा वहां के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएसआई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# बरेली बवाल : गवाह को मारने की सुपारी का खुलासा, 24 घंटे में सुपारी किलर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** बरेली बवाल मामले में पुलिस के लिए अहम गवाह को खत्म करने की साजिश आखिरकार सामने आ गई है। बारादरी पुलिस ने कॉन्ट्रैक्ट पर हत्या करने वाले शातिर बदमाश फुरकान को दबोच लिया है। उसके पास से तमंचा, जिंदा कारतूस और सुपारी के तौर पर मिले 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से पूरे शहर में हलचल मच गई है।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में इस मले का खुलासा किया। पुराना शहर चक महमूद निवासी मो. फिरदौस खां उर्फ अजुम ने पुलिस को बताया था कि 26 सितंबर 2025 को हुए बरेली बवाल के दौरान उन्होंने दंगाइयों की पहचान कर पुलिस और प्रशासन की मदद की थी।

इसी बात से नाराज कुछ लोग उनसे रंजिश रखने लगे। 18 दिसंबर को उन्हें चमगादड़ वाले बाग में घेरकर खुलेआम धमकी दी गई। 10 लाख रुपये दो, नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे। कुछ दिन बाद फिरदौस को जानकारी मिली कि उनकी हत्या की सुपारी पीलीभीत के कुख्यात बदमाश फुरकान को 5 लाख रुपये में दे दी गई है।इसके बाद अनजान नंबरों से कॉल आने लगे। पूरा परिवार दहशत में आ गया और आखिरकार पुलिस से गुहार लगाई गई।

मामला दर्ज होते ही बारादरी पुलिस हरकत में आई और शनिवार की देर रात नकटिया इलाके से आरोपी फुरकान को गिरफ्तार कर लिया। वह कैंट क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री के पास चाय का खोखा चलाता था और वहीं से गवाह की रेकी कर रहा था।

पुलिस ने पत्नी की मौजूदगी में कमरे की तलाशी ली तो एक थैले से तमंचा, दो जिंदा कारतूस और नकदी बरामद हुई। पूछताछ में फुरकान ने कबूला कि जेल में उसकी पहचान आईएमसी से जुड़े कुछ नेताओं से हुई थी। वहीं से गवाह को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई। आरोपी ने यह भी बताया कि जेल में बंद लोगों के इशारे पर ही उसे काम सौंपा गया था।


पुलिस के मुताबिक फुरकान कोई नया नाम नहीं है। उस पर पीलीभीत और बरेली के अलग-अलग थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत करीब एक दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

## रामघाट थाना पुलिस ने पीड़ित के बैंक अकाउंट में धनराशि करायी वापस

**रामघाट/बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में साइबर फ्रॉड में होने वाली विभिन्न घटनाओं की प्रतिदिन स्वंय समीक्षा की जा रही है तथा सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीडितों की रकम वापस कराने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 16.07.2025 को जोगेन्द्र पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना रामघाट जनपद बुलंदशहर द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत की जिसमें वादी के खाते से 10,000/- रुपये की धनराशि किसी गलत खाते में ट्रांसफर हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में ऑनलाइन शिकायत संख्या-33107250078458 पंजीकृत की गयी।

# 28 जनवरी से 1 फरवरी तक चलेगा सिद्धार्थनगर महोत्सव, गोविंदा और पवन सिंह जमाएंगे रंग

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** शहर के बीएसए ग्राउंड में 28 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित होने वाला पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव इस बार ऐतिहासिक और यादगार बनने जा रहा है। बुद्ध भूमि के नाम से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थनगर में पहली बार बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और भोजपुरी स्टार पवन सिंह अपनी धमाकेदार प्रस्तुति के साथ महोत्सव के मंच पर कदम रखेंगे। महोत्सव की बॉलीवुड नाइट में गोविंदा और भोजपुरी नाईट मे पवन सिंह के कार्यक्रम तय हो चुके हैं, हालांकि उनके आगमन की तिथि को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, जिसे लेकर जनपदवासियों में खासा उत्साह और इंतजार बना हुआ है। गोविंदा और पवन सिंह की मौजूदगी से सिद्धार्थनगर महोत्सव को राष्ट्रीय पहचान मिलने की उम्मीद है। पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव में भक्ति, लोकसंस्कृति, भोजपुरी और बॉलीवुड का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

देश के चर्चित कलाकारों की प्रस्तुतियां महोत्सव को यादगार बनाने का काम करेंगी। महोत्सव की शुरूआत भक्ति और अध्यात्म के माहौल के साथ होगी। सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा अपनी भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराएंगी।

भजन के बाद भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों में जोश और उत्साह भरेंगे। बॉलीवुड के चर्चित गायक बी प्राक की दर्दभरी और सुरमयी आवाज दर्शकों को भावनाओं की दुनिया में ले जाएगी।महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की प्रस्तुति होगी, जिनके स्टेज पर उतरते ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलेगा।

जिला सृजन के बाद से लगातार आयोजित हो रहे महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सार संक्षेप

### अड़ींग बाईपास पर दर्दनाक हादसा, मोटरसाइकिल बचाने के प्रयास में टेंपो पलटा, एक की मौत

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के अड़ींग बाईपास पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अचानक सामने आई मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजीलाल शर्मा निवासी जोधपुर (थाना फरह ) अपनी नातनी एवं अन्य परिजनों के साथ टेंपो द्वारा गोवर्धन में रिश्तेदारों के यहां जा रहे थे। जैसे ही टेंपो अड़ींग बाईपास के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेंपो सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो में सवार रामजीलाल शर्मा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही अड़ींग चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अड़ींग निजी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजीलाल शर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और टेंपो चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और अचानक ब्रेक लगना बताया जा रहा है।


### बिरहा कलाकारों ने गीतों से बांधी समां, जुटी भीड़



संदीप तिवारी /वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** खालिसपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के मैदान में रविवार को बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया।गायक सूरज यदुवंशी (प्रयागराज) व गायिका लक्ष्मी प्रियदर्शी (बिहार) के बीच गीतों का जबरदस्त दौर चला।हास्य, वीर, करुण, वीभत्स, रौद्र, श्रृंगार रस से परिपूर्ण गीत प्रस्तुत कर कलाकारों ने समां बांध दी।बिरहा प्रेमी दर्शको के तालियों की गड़गड़ाहट से देरशाम तक पंडाल गूंजता रहा।ठंड के मौसम में भी बिरहा सुनने वालों की भारी भीड़ जुटी रही।मुख्य अतिथि के रूप में सेवापुरी विधायक के प्रतिनिधि रामबिलास पटेल एवं विशिष्ट अतिथि थानाप्रभारी निरीक्षक प्रमोद पांडेय उपस्थित रहे।आयोजनकर्ता उमेश उपाध्याय (पत्रकार) ने कलाकारों व अतिथियों का स्वागत एवं संचालन आदर्श उर्फ हिमांशु उपाध्याय ने किया। आयोजन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', राजकुमार प्रधान, विन्देश सिंह, प्रदीप सिंह (फौजी), संजय चौबे, सूरज यादव, दिनेश सिंह (बल्ली), सुरेश यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान किया।

### सीओ के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के खेसरहा थाना क्षेत्र में 'प्लास्टिक मुक्त भारत' अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने किया। थाना क्षेत्र के कस्बा बेलौहा स्थित लोकेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में फैले सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाकर साफ-सफाई की गई। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और आमजन ने श्रमदान किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रोहनी यादव ने व्यापारियों व आम नागरिकों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने और स्वच्छता अपनाने की अपील की। अभियान मे उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह, राजमणि द्विवेदी, राघवेन्द्र प्रताप यादव, रवि प्रताप सिंह सेंगर, ओकेश्वरनाथ राय, जियाउल्लाह, धन्नजय कुमार राय हेडकांस्टेबल रामकिशुन, रामजी, जालन्धर प्रसाद, मनोज कुमार, सत्येन्द्र सिंह सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## ठंड से जूझ रहे गरीब, असहाय, जरूरतमंदों के बीच चंद्रभान पहलवान ने बाटा कंबल



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं में जहां लोग घरों में दुबके हैं, वहीं समाजवादी पार्टी आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान पहलवान ने रविवार को विकास खंड लोटन क्षेत्र के धंधरा गांव में असहाय और जरूरतमंदों का दर्द समझते हुए कंबल वितरण अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष चंद्रभान पहलवान ने समाजवादी पार्टी के कपिलवस्तु विधानसभा सचिव तेज प्रताप सिंह के साथ गांव में पहुंचे और गरीब, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल बांटे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इंसान होने के नाते समाज के प्रति दायित्व निभाना हमारा फर्ज है। ऐसे लोगों की सहायता के लिए उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर दीपक भारती, राजकुमार भारती, लवकुश भारती, अमित आदि समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरेली पुलिस की साइबर तकनीक का कमाल 2025 में 6 करोड़ के 3132 मोबाइल हुए बरामद

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** मोबाइल गुम होने के बाद निराशा के अंधेरे में डूब चुके सैकड़ों लोगों के लिए बरेली पुलिस उम्मीद की रोशनी बनकर सामने आई है। साइबर तकनीक और सटीक सर्विलांस के दम पर पुलिस ने दिसंबर माह में शहर व देहात से गुम हुए 481 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 85 लाख रुपये आंकी गई है।

एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक गुमशुदा मोबाइलों की तलाश के लिए हर माह विशेष अभियान चलाया जाता है, जिसमें साइबर टीम, सर्विलांस सेल और थानों में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर दिन-रात जुटे रहते हैं। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित रविंद्रालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीओ हाइवे शिवम आशुतोष ने मोबाइल स्वामियों को उनके कीमती फोन सौंपे। जैसे ही लोगों को उनके खोए मोबाइल मिले, चेहरों पर मुस्कान लौट आई। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि मोबाइल दोबारा मिल पाएगा। इस अभियान को सफल बनाने वाले 11 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ता है, बल्कि जवानों का मनोबल भी ऊंचा होता है। खास बात यह है कि साल 2025 में अब तक बरेली पुलिस 3132 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर चुकी है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 6 करोड़ रुपये है। पुलिस ने साफ कहा है कि गुम मोबाइलों की तलाश का यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती और तेजी के साथ जारी रहेगा।

## गोवर्धन थाने के नये कोतवाल बने इंस्पेक्टर भगवत सिंह, संभाला चार्ज



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा गोवर्धन में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह ने शनिवार शाम को अपना पदभार संभाल लिया है। जनपद मथुरा के पुलिस कप्तान आईपीएस श्लोक कुमार द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, और अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने के उद्देश्य से धार्मिक स्थल गिरिराज धाम गोवर्धन में तेज तर्रार इंस्पेक्टर भगवत सिंह को गोवर्धन कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी है। नये कोतवाल द्वारा सबसे पहले कार्यालय अभिलेख, मालखाना तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करके थाना स्टाफ के साथ मीटिंग ली गयी।

## वार्ष्णेय पहल परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया

**डिबाई/बुलंदशहर।** वार्ष्णेय पहल परिवार एवं वार्ष्णेय युवा सभा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नगर में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गांधी आई हॉस्पिटल, अलीगढ़ से आए वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रताप एवं डॉ. सचिन द्वारा अत्याधुनिक जापानी मशीनों के माध्यम से आंखों की विस्तृत जांच की गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आंखों की देखभाल, नियमित जांच और समय पर उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला।इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ संस्था के संरक्षक अमित गुप्ता एवं सुशील वार्ष्णेय द्वारा किया गया।

## पीस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव समर्थकों के साथ एआईएमआईएम पार्टी मे शामिल




वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन(एआईएमआईएम) सिद्धार्थनगर के प्रदेश महासचिव मोहम्मद सलमान मालिक व सिद्धार्थ नगर जिलाध्यक्ष निशात अली की अगुआई मे पीस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मौलाना अरबाब फारुकी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के हाथो से एआईएमआईएम की प्राथमिक सदस्यता लेकर अपने समर्थको के साथ एआईएमआईएम पार्टी मे हुए शामिल।

इस अवसर पर डुमरियागंज विधानसभा अध्यक्ष शम्स तबरेज खान, पूर्व जिला अध्यक्ष समीर चौधरी सहित आदि लोग मौजूद रहें।

## चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना लाखों रुपए के जेवरात और नकदी उड़ाया

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के थानाक्षेत्र डुमरियागंज अन्तर्गत सिकहरा कोहड़ा गांव में शनिवार की रात्रि में चोरों ने जमकर ताण्डव मचाया। आपको बता दें कि 04 बेखौफ चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लगभग 10 लाख रुपए के जेवरात और नकदी उड़ाई ले गये। चोरी की वारदात के बाद ग्रामीणों द्वारा पीछा किये जाने पर चोरों ने फायरिंग कर दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।


वहीं पुलिस ने मौके से कारतूस का एक खोखा भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती रात चोरों ने सबसे पहले गांव की निवासी किसलावती के घर को निशाना बनाया। यहां से बदमाशों ने बहू और सास के लगभग 5 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात (टीका, झाला, चेन, पायल आदि) चोरी कर निकल गये। तत्पश्चात चोरों ने बगल में स्थित मोहम्मद शकील के घर में सेंध लगाई। चोरों ने शकील के घर से भी हार, अंगूठी और अन्य कीमती आभूषणों सहित 15 हजार रुपए की नकदी चोरी कर लिया।

ग्रामीण मोहम्मद शकील के मुताबिक जब चोर दीवार फांदकर भाग रहे थे, तब उन्हें आहट हुई। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गये और चोरों को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े। खुद को घिरता देख चोरों ने ग्रामीणों पर फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज से ग्रामीण सहम गये और बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये।

वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से एक खोखा मिला है। सीओ डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही है। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## डी-फार्मा के नाम पर छात्रों से करोड़ों का खेल

वेलकम इंडिया/खालिद खान




**बरेली।** डी-फार्मा कराने के नाम पर बच्चों से लाखों रुपये ऐंठने और बाद में फर्जी मार्कशीट थमाकर उनका भविष्य बर्बाद करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रों ने जब हर जगह गुहार लगाई और कहीं सुनवाई नहीं हुई, तो आखिरकार कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब अदालत के सख्त रुख के बाद थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम पदारथपुर निवासी माजिद अली खां समेत बरेली और आसपास के जिलों के करीब एक दर्जन छात्र शामिल हैं।

पीड़ितों का आरोप है कि मुजफ्फरनगर स्थित बाबा इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के कर्ताधर्ताओं ने साल 2021झ22 में उन्हें डी-फार्मा की पढ़ाई आसानी से पास कराने का झांसा दिया। हर छात्र से करीब 1.90 लाख रुपये वसूले गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन ने बिना पढ़ाई और परीक्षा के ही नकली डिग्री पकड़ा दी।

पीड़ित का कहना है कि कॉलेज प्रबंधक इमलाख खान, चेयरमैन इमरान खान और उनके भाई आरिफ खान गांव-गांव घूमकर खुद छात्रों से कैश और बैंक खातों में रुपये जमा कराते रहे। अलग-अलग तारीखों में बैंक के खातों में करीब 5.97 लाख रुपये डलवाए गए। जब कुछ छात्रों ने परीक्षा देने की बात कही तो उन्हें टरका दिया गया, और बाद में अतिरिक्त पैसे की डिमांड शुरू हो गई। आरोप है कि पैसे लेने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों को फर्जी डी-फार्मा मार्कशीट थमा दी। जब छात्र यूपी फामेर्सी काउंसिल, लखनऊ पहुंचे तो वहां सच्चाई सामने आ गई।

काउंसिल ने रजिस्ट्रेशन खारिज कर दिया और बताया कि मार्कशीट पूरी तरह फर्जी हैं, यहां तक कि पासिंग ईयर तक में हेराफेरी की गई है। यहीं नहीं, पीड़ितों का कहना है कि कॉलेज वालों ने कुछ छात्रों की हाईस्कूल और इंटर की ओरिजिनल मार्कशीट तक दबाकर रख लीं। जब छात्रों ने विरोध किया तो उन्हें खुलेआम धमकाया गया। कहा गया कि हमारी राजनीतिक पकड़ है, कहीं शिकायत की तो तुम्हारा जीना मुश्किल कर देंगे।

पीड़ितों ने थाने से लेकर अन्य अफसरों तक कई बार शिकायत की, लेकिन हर जगह मामला दबा दिया गया। आखिरकार मजबूर होकर छात्रों ने कोर्ट का रुख किया।

## सिप्ला लिमिटेड ने युरपीक के लॉन्च की घोषणा की

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सिप्ला लिमिटेड ने रविवार को युरपीक (टिरजेपाटाइड) के लॉन्च की घोषणा की। यह एक सप्ताह में एक बार दिया जाने वाला इंजेक्टेबल उपचार है, जिसे मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस देश की दो सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन के लिए बनाया गया है। लिली को भारत के औषधि नियंत्रक महानियंत्रक की मंजूरी मिलने के बाद, सिप्ला को भारत में युरपीक, यानी लिली के टिरजेपाटाइड के दूसरे ब्रांड को वितरित और प्रमोट करने के अधिकार प्राप्त हैं। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अचिन गुप्ता ग्लोबल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सिप्ला लिमिटेड ने कहा युरपीक का लॉन्च मोटापे और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस भारत की दो दीर्घकालिक और गंभीर बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में परिवर्तनकारी क्षण का प्रतीक है। सिप्ला इस क्षेत्र में उसी स्तर की विशेषज्ञता और वैज्ञानिक प्रतिबद्धता के साथ प्रवेश कर रहा है, जिसने क्रोनिक बीमारियों और श्वसन देखभाल में हमारी नेतृत्वकारी स्थिति को परिभाषित किया है। हमारा ध्यान वैश्विक मानकों पर आधारित और भविष्य-उन्मुख उपचारों को तेजी से उपलब्ध कराने पर है। लिली जैसी कंपनियों के साथ हमारे सहयोग नवाचार, उत्कृष्ट उपचार-उद्देश्य और व्यापक पहुंच को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्नत चिकित्सा-सेवा हर मरीज तक पहुँचे चाहे वे कहीं भी हों। टिरजेपाटाइड पहला और एकमात्र द्वि-एगोनिस्ट है जो ग्लूकोज-डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड और ग्लूकागॉन-लाइक पेप्टाइड-1 रिसेप्टर्स पर काम करता है। इसे आहार और व्यायाम के साथ सहायक उपचार के रूप में टाइप 2 डायबिटीज और वयस्कों में मोटापे या अधिक वजन के साथ कम से कम एक वजन-संबंधी सह-रुग्णता होने पर क्रोनिक वेट मैनेजमेंट के उपचार के लिए निर्धारित किया गया है। युरपीक प्रिस्क्रिप्शन पर क्विकपेन डिवाइस फॉर्मेट में छह डोज स्ट्रेंथ में उपलब्ध होगाः 2.5 एमजी, 5 एमजी, 7.5 एमजी, 10 एमजी, 12.5 एमजी और 15 एमजी, जिससे सटीक, सुविधाजनक और मरीज-हितैषी डोजिंग संभव हो सकेगी।

## दिल्ली के जहांगीरपुरी में दिल दहला देने वाली वारदात

# 2 युवकों पर दिनदहाड़े चाकू से किया वार

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** उतर पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से दिल दहलाने देनी वाली घटना सामने आई है. जहां पर 2 युवकों को सड़क पर सरेआम चाकू मारे गए. ये घटना जहांगीरपुरी के के ब्लॉक में हुई. दिनदहाड़े बीच सड़क पर 4 अज्ञात युवकों ने कुछ लड़कों पर चाकूओं से हमला बोल दिया, जिसमें 2 युवक बुरी तरह घायल हो गए. दिल्ली पुलिस के मुताबिक करीब 2 बजकर 55 मिनट पर उन्हें इस घटना की जानकारी मिली. सूचना मिलते ही हमले में घायल हुए दोनों युवक भी जहांगीर पुरी के ब्लॉक के ही रहने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक हमला करने वाले 4 अज्ञात युवकों ने घायल हुए लड़कों के पास आकर किसी साहिल नामक शख्स के बारे में पूछा. जैसे ही पीड़ितों ने उन युवकों को बताया कि साहिल के ब्लॉक में रहता है तो उन्होंने अचानक उनपर चाकू से वार करना शुरू कर दिया

हमले में 18 साल के अंशु और विनम्र को काफी चोटें आईं हैं. घटना के तुरंत बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है.ये पूरी घटना सड़क किनारे लगे एक सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई. फिलहाल पुलिस ने दोनों घायलों का बयान लेकर एफआईआर दर्ज कर ली. लेकिन अभी तक एक भी हमलावर गिरफ्तार नहीं हुआ है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी तलाश कर रही है और मामले की जांच में जुटी है।

## गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल महाराज का द्विदिवसीय जन्म महोत्सव 06 व 07 जनवरी को

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** ठाकुर श्रीराधावल्लभ मन्दिर में श्रीराधावल्लभ मन्दिर संप्रदाय के प्रधान पीठाधिपति 18वें तिलकायत अधिकारी गोस्वामी जय श्रीहित मोहित मराल महाराज का द्विदिवसीय जन्म महोत्सव ₹मोहितोत्सव₹ 06 व 07 जनवरी 2026 पर्यन्त अत्यन्त श्रृद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए युवराज श्रीहित शोभित लाल गोस्वामी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारंभ 06 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे ध्वजारोहण एवं ध्वजा पूजन के साथ होगा।इससे पूर्व श्रीहित परिकर द्वारा नृत्य प्रस्तुति का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। सायं 05 बजे से सरस भजन संध्या आयोजित होगी।जिसमें प्रख्यात भजन गायक जेएसआर मधुकर अपनी सुमधुर वाणी में भजनों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया है कि 07 जनवरी को प्रातः 9 बजे से श्रीहित गुरु परिकर (लुधियाना) के द्वारा श्रीहित भजन लहरी का कार्यक्रम आयोजित होगा। सायं 05 बजे से प्रख्यात भजन गायिका निकुंज कामरा अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीतमय गायन किया जाएगा।

## गीता शोध संस्थान का तीन संस्थाओं के संग गीता के प्रचार-प्रसार का अनुबंध

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) में गीता के वैश्विक प्रचार-प्रसार को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत तीन प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग, एमओयू) संपन्न हुआ।

यह एमओयू इस्कॉन से संबद्ध भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट, सिंगापुर; गीता जयंती इंटरनेशनल ट्रस्ट, वृंदावन तथा रंग निकेतन सोसायटी, मणिपुर (संयुक्त संस्थाएँ) के साथ किया गया है। इस समझौते का उद्देश्य गीता के अध्ययन, अनुसंधान एवं सांस्कृतिक प्रसार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गति प्रदान करना है।

एमओयू के अंतर्गत तीनों संस्थाओं से जुड़े गीता विशेषज्ञ समय-समय पर गीता शोध संस्थान द्वारा आयोजित गीता-आधारित उत्प्रेरक कार्यक्रमों में उद्बोधन हेतु आमंत्रित किए जाएंगे। साथ ही भविष्य में इन संस्थाओं के परिसरों में रासलीला मंचन के लिए गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षुओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ब्रज संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का परस्पर आदान-प्रदान भी निरंतर होता रहेगा।

एमओयू की औपचारिकताएं गीता शोध संस्थान की ओर से निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना एवं संस्थान समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने पूर्ण कीं। सहयोगी संस्थाओं की ओर से दीना अनुकंपन दास (सचिव, गीता जयंती इंटरनेशनल ट्रस्ट, वृंदावन), डब्ल्यू. अमरजीत सिंह (निदेशक, भक्ति वेदांत इंस्टीट्यूट, सिंगापुर) तथा रंग निकेतन, मणिपुर के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए। इसके अतिरिक्त हिस्टोरिका फाउंडेशन, दिल्ली के निदेशक चंद्रू रमेश ने भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

यह एमओयू गीता के शाश्वत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सार संक्षेप

### अड़ींग बाईपास पर पुलिस का सघन चेकिंग अभियान




**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत अड़ींग बाईपास पर रविवार को यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान डग्गेमार, ओवरलोड तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने कई वाहनों को रोककर उनकी जांच की। इस बीच एक टेंपो और एक बाइक को पकड़ा गया, जिनमें नियमों के विपरीत सवारियां बैठाकर ले जाई जा रही थीं। इसके अलावा बिना हेलमेट, बिना कागजात एवं ओवरलोड वाहनों पर भी पुलिस की नजर रही। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि पहली बार गलती करने वाले कुछ चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग करने की अपील की। इस मौके पर अड़ींग चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक हरव सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह, श्यामसुंदर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अडींग चौकी प्रभारी प्रदीप भदौरिया ने बताया कि इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान



**कांधला।** थाने पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर के मुख्य स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी गई।रविवार को महिला कांस्टेबल श्वेता एवं प्रियंका ने मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य सामाजिक अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, महिलाओं को ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित वेबसाइट व हेल्पलाइन के माध्यम से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### जागरूकता गोष्ठी में फूटा वृद्ध का दर्द, क्षेत्राधिकारी ने लिया संज्ञान



**कांधला।** रविवार को थाना परिसर में आयोजित जागरूकता गोष्ठी के दौरान उस समय भावुक स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक वृद्ध व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा खुलकर रखी। पीड़ित वृद्ध ने आरोप लगाया कि वह लंबे समय से पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित वृद्ध जमशेद, निवासी ग्राम हाजीपुर दुगड़ा ने बताया कि उसके परिवार के ही एक व्यक्ति द्वारा उसे और उसके परिवार को लगातार परेशान किया जा रहा है। उसने बताया कि उनके बीच ट्रैक्टर को लेकर विवाद चल रहा है, वहीं जमीनी विवाद भी बना हुआ है। इन विवादों के कारण उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार थाने में शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक उसकी कोई भी सुनवाई नहीं हो सकी है। जागरूकता गोष्ठी में मौजूद क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने वृद्ध की बात को गंभीरता से सुना और तत्काल मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित हल्का दरोगा को मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## प्रजा राज्य पार्टी ग्राम स्तर पर संगठन बना रही हैं : अंसारी

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के जिला प्रभारी अफताब अंसारी ने कहा कि सन्तकबीरनगर में ग्राम स्तर पर प्रजा राज्य पार्टी का संगठन बना रही है। जिससे आगामी विधान सभा 2027 में प्रजा राज्य पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जीतेगी।उन्होंन कहा कि प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) ग्राम अस्तर तक संगठन तैयार कर रही हैं इसी कड़ी मे तहसील व ब्लाक कमेटीयो का गठन शुरू हो चुका है। इसी के तहत संतकबीरनगर जिला महासचिव डा संत बृजेश्वर बने अब्दुल रहीम अंसारी खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष व अशोक कुमार कानूनगो को खलीलाबाद ब्लाक अध्यक्ष बनाए गए है। मेंहदावल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नन्दौर बखिरा अमरडोभा मेंहदावल धर्मसिंहवा मे खुद राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय तनवीर अहमद सनी एवं भीम जनशक्ति सेना प्रमुख व राप्रपा प्रदेशाध्यक्ष जयराम गौतम, राप्रपा महिला विंग प्रभारी प्रियंका निषाद, पूर्वांचल अध्यक्ष मो नवाज शेरवानी,प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी, सह प्रवक्ता श्रीराम कसेरा, मण्डल अध्यक्ष मौलाना मुदस्सिर हुसैन अंसारी, राजू निषाद, रामनयन निषाद, आदि ग्राम अस्तर के सदस्यता अभियान में उपस्थित रहेंगे।

## श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से सभी पाप नष्ट होते हैं : श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च



**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित फोगला आश्रम में श्रीहित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट, वृन्दावन एवं श्रीमद्भागवत कथा परिवार, रायपुर (छत्तीसगढ़) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ठाकुरश्री विजय राधावल्लभ लाल व ठाकुरश्री प्रियावल्लभ लाल महाराज के द्वादश दिवसीय 212वें पाटोत्सव के अंतर्गत चल रहे 170 श्रीमद्भागवत के मूल पारायण व श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन व्यास पीठ पर आसीन श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने अपनी रसमयी वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है।इसका श्रवण करने से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है।इसके श्रवण से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।साथ ही उसके जन्म व मृत्यु के भय का भी नाश हो जाता है।जीव के कल्याण के लिए यदि सबसे उत्तम ग्रंथ है,तो वह श्रीमद्भागवत महापुराण है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण में समस्त वेदों, पुराणों, उप पुराणों, शास्त्रों व उपनिषदों आदि धर्मग्रंथों का सार निहित है।इसका श्रवण,वाचन व अध्ययन तीनों ही कल्याणकारी हैं।

## डीपीएस प्ले स्कूल को मिला सर्वश्रेष्ठ स्कूल का प्रतिष्ठित सम्मान, फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने प्रदान किया अवार्ड

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के नगर के प्रमुख डीपीएस प्ले स्कूल को टॉप टियर बिजनेस अवार्ड्स समारोह बिजनेस उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए टॉप टियर एजुकेशन अवार्ड्स एडिशन 4 हेतु नामांकित किया गया।

इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने डीपीएस प्ले स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल के प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया।यह समारोह द मेस्सीना बैंक्वेट, शाहदरा,दिल्ली में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।स्कूल के प्रबंधक मोहित अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आज एनसीआर क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली के लिए डीपीएस प्ले स्कूल को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल जी की अथक मेहनत,समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व को दिया।उन्होंने कहा कि डीपीएस प्ले स्कूल निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## होटल लूटकांड का आरोपी मुठभेड़ के बाद जेल भेजा गया, दूसरा फरार तालाश जारी

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के दिल्ली रोड स्थित सैनी होटल में हुई लूट की वारदात के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राथमिक उपचार के बाद रविवार को पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।विगत शनिवार की सुबह कस्बा निवासी होटल संचालक अनिल सैनी ने पुलिस को बताया था कि दिल्ली रोड पर स्थित उसके होटल पर दो बदमाश पहुंचे और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर छह हजार रुपए व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे।

घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में गांव ताजपुर, सिभंलखा निवासी बदमाश अक्षित पुत्र वीरेंद्र को क्षेत्र के पंजोखरा अंडरपास के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।मुठभेड़ में बदमाश घायल हो गया था, जिसके कब्जे से पुलिस ने पांच हजार रुपए, लूटा गया मोबाइल फोन, एक तमंचा व कारतूस बरामद किए थे। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस बदमाश को थाने ले आई और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।होटल संचालक अनिल सैनी अपने दर्जनों परिजनों के साथ थाने पहुंचे और आरोपी से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन किसी प्रकार की मुलाकात नहीं हो सकी।

## उधारी के रुपये को लेकर दुकानदार, ग्राहक में मारपीट, फायरिंग का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गुर्जरपुर में उधारी के रुपये को लेकर एक दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। मारपीट की सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में समाज के लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिसके चलते पीड़ित पक्ष ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया।गांव गुर्जरपुर निवासी राशिद राणा की दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी गेट के समीप मार्बल की दुकान करता है। दुकानदार के अनुसार गांव खंद्रावली निवासी एक युवक उससे करीब 20 हजार रुपये का सामान उधार ले गया था। रुपये की मांग करने पर एक दिन पूर्व आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज की, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग पीड़ित के पास मौजूद है।

## मुस्तफाबाद मोहल्ले में सड़क पर जलभराव बनी गंभीर समस्या, ग्रामीण परेशान

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** देहात क्षेत्र के मोहल्ला मुस्तफाबाद में सड़क पर लंबे समय से हो रहे जलभराव ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। मोहल्ले की मुख्य सड़क पर पानी भरा रहने के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्ले वासियों का आरोप है कि ग्राम प्रधान व विकासखंड स्तर के संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और जल निकासी की व्यवस्था कराने को तैयार नहीं हैं। सड़क पर जमा पानी से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चों को इसी जलभराव से होकर स्कूल आना-जाना पड़ता है, जिससे उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और गिरने का भी खतरा बना रहता है।

वहीं, गंदे पानी में मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।मोहल्ला निवासी फिरोज ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण न केवल आम लोगों को बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और स्वास्थ्य संबंधी खतरे से बचाव हो सके। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेंहदावल उ0नि0 सहेन्द्र यादव, का0 दीपक कुमार सिंह, म0का0 प्रियंका यादव ने मु0अ0सं0 512/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना मेंहदावल के मामले में वांछित अभियुक्त सागर साहेब राव पुत्र स्व0 साहेब राव मिठ्ठे निवासी नाउड़ी तालुका थाना कन्नड़ ग्रामीण जिला छत्रपति संभाजी नगर राज्य महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## थाना प्रांगण में सड़क सुरक्षा गोष्ठी दर्जनों लोगों को बनाया गया वॉलिंटियर





**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना प्रांगण में रविवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी हेमंत सिंह ने की। गोष्ठी में नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई तथा प्रत्येक गली-मोहल्ले से वॉलिंटियर चयनित कर उन्हें पहचान कार्ड वितरित किए गए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी हेमंत सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है और सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा तथा यातायात संकेतों का पालन अनिवार्य है।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर गली-मोहल्ले में वॉलिंटियर नियुक्त कर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसी क्रम में थाना स्तर पर यह पहल की गई है।उन्होंने वॉलिंटियरों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्ड केवल जागरूकता के उद्देश्य से दिए गए हैं, किसी भी प्रकार के दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दो चौकी इंचार्ज का गैर जनपद स्थानांतरण विदाई समारोह में नम रहीं आंखें



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**शुजागंज अयोध्या।** रुदौली कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी का जनपद सुल्तानपुर तथा शुजागंज चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव का जनपद बाराबंकी स्थानांतरण होने पर रविवार को रुदौली कोतवाली परिसर में सीओ रूदौली आशीष निगम के नेतृत्व में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दोनों उप निरीक्षकों को अंगवस्त्र, गुलाब के फूल की बुके एवं माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई। तथा वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन किया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य, अपराध निरीक्षक शत्रुघ्न यादव, चौकी प्रभारी शुजागंज अभिषेक सिंह, भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह, उपनिरीक गजेन्द्र त्रिपाठी कांस्टेबल अभिषेक कुमार, सहित समस्त पुलिस कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

साफ-सफाई एवं स्वच्छता को लेकर

# एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर मुथा अशोक जैन के निदेर्शानुसार तथा पुलिस अधीक्षक, संदीप कुमार मीना के कुशल मार्गदर्शन में जनपद संतकबीरनगर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर *प्लास्टिक उन्मूलन एवं स्वच्छता अभियान* संचालित किया गया।

उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, सड़क किनारों, उपवनों, पार्कों, बाजार परिसरों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल द्वारा सघन साफ-सफाई करते हुए प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्र किया गया तथा उसका विधिवत निस्तारण सुनिश्चित किया गया।इस विशेष अभियान में जनपद के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी, सभी थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन के कार्मिकों सहित रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। सभी इकाइयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में अभियान को पूर्ण अनुशासन एवं समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से संपन्न कराया गया।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण केवल प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। जनपद पुलिस भविष्य में भी शासन की मंशा के अनुरूप इस प्रकार के जनहितकारी अभियानों को निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित करती रहेगी।

एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में जनपद में साफ-सफाई एवं स्वच्छता को लेकर एक विशेष अभियान चलाया गया।

## नीलम चतुर्वेदी मनरेगा बचाओ संग्राम का जिला कोऑर्डिनेटर मनोनीत



**संतकबीरनगर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मनरेगा बचाओ संग्राम को मजबूती से चलाये जाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के सहयोग के लिए नीलम चतुवेर्दी को संतकबीरनगर का जिला कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, दिलशाद अफसर, सुनील पाण्डेय, डॉ. अखिलेश शर्मा, राजेंद्र चतुवेर्दी, अरुण पाण्डेय, अहमद जमाल अंसारी, मु. परवेज अख्तर, मोईन अंसारी, महेश कुमार, सत्या त्रिपाठी, सचिन कुमार, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, निसार अहमद, रियाज अहमद, मो. कलीम, मौलाना सेराज अहमद आदि ने बधाई दिए हैं।

# पर्यावरण मित्र गोलू पुरी बने युवा पर्यावरण योद्धा

वेलकम इंडिया




**गरुड़, आनन्द बिष्ट।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बाल अवस्था से ही उल्लेखनीय योगदान दे रहे पर्यावरण मित्र गोलू पुरी द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।पर्यावरण संरक्षण हेतु जनपद बागेश्वर के गाँव मजकोट निवासी गोलू पूरी आज सामाजिक और डिजिटल मंचों पर एक प्रेरणादायक नाम बन चुके हैं। मात्र पाँच वर्ष की आयु से पर्यावरण जागरूकता के लिए निरंतर सक्रिय गोलू पुरी अपने समर्पण,अनुशासन और अथक प्रयासों के कारण समाज में विशेष पहचान स्थापित कर चुके हैं।

गोलू पुरी को विशेष रूप से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के लिए जाना जाता है।इस अभियान के अंतर्गत वे अब तक 500 से अधिक पौधों का रोपण कर चुके हैं। उनके इस अभियान की शुरूआत उन्हें अपने पिता राजकीय इंटर कॉलेज छत्यानी में प्रधानाचार्य,श्री मदन पुरी तथा अपने परिवारजनों की प्रेरणा से मिली। पारिवारिक संस्कार और मार्गदर्शन ने गोलू पुरी को बाल अवस्था से ही प्रकृति संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

लगातार गोलू पुरी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण अभियानों की शुरूआत की है, जिनमें एक पेड़ माँ के नाम अभियान,पर्यावरण जागरूकता अभियान,बीजों को जीवन दो अभियान प्रमुख हैं। प्रकृति के प्रति उनके निरंतर समर्पण और सकारात्मक प्रयासों के कारण लोग उन्हें स्नेहपूर्वक पर्यावरण मित्र, युवा पर्यावरण योद्धा और एनवायरमेंट हीरो जैसे सम्मानजनक नामों से संबोधित कर रहे हैं।

## भाजपा महानगर के सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र मिश्रा को मातृ शोक

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी ।** भाजपा वाराणसी महानगर के सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र मिश्रा की माता श्रीमती सावित्री देवी का बीती रात निधन हो गया वे 80 वर्ष की थी वे अपने पीछे दो पुत्रों,चार पुत्रियों एवं नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है श्रीमती सावित्री देवी काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी उनका इलाज रविंद्रपुरी कॉलोनी स्थित पीएमसी हॉस्पिटल में चल रहा था जहां शनिवार देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर सम्पन्न हुआ शव यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं राजनेता शामिल थे मुखाग्नि उनके कनिष्ठ पुत्र शैलेन्द्र मिश्रा ने दी। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल,राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल,राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु,महापौर अशोक तिवारी, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा,महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, विधायकगण डॉ नीलकंठ तिवारी,सौरभ श्रीवास्तव,एमएलसी धर्मेन्द्र राय,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी,सह प्रभारी संतोष सोलापुरकर आदि नेताओं ने श्रीमती सावित्री देवी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए गतात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# कांडा निवासी मुक बधिर को समझा संदिग्ध बांग्लादेशी , निकला जिला निवासी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,कपकोट।** पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत तीन युवक एक मूक बधिर व्यक्ति को संदिग्ध बांग्लादेशी बताकर उसे कपकोट थाने में ले आए ।पुलिस ने मूकबधिर व्यक्ति की गहनता से जांच कराई। पुलिस ने जब उसके कपड़ों आदि से जांच की और उसके हाव भाव और प्राकृतिक वास के सम्बंध में गहनता से जांच की, और उसका फोटोशोशल मीडिया में प्रसारित किया तो उसकी पहचान कांडा तहसील के एक गांव के युवक के रूप में हुई। जो भटककर कपकोट पहुंच गया था। इसके बाद पुलिस ने उसे परिजनों कोकांडा पुलिस के माध्यम से जानकारी लेते हुए परिजनों को सौंप दिया। साथ ही जो युवक उसे थाने लाए थे उनके द्वारा व्यक्ति को खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के आधार पर शनिवार की शाम को कुछ स्थानीय लोग एक मूक-बधिर युवक (उम्र लगभग 30 वर्ष) को लेकर थाना कपकोट पहुंचे और उसे संदिग्ध/बांग्लादेशी होने का दावा करने लगे। युवक बोल पाने में असमर्थ था, जिससे उसकी पहचान करना कठिन था।

थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने युवक की वेशभूषा और व्यवहार से उसे स्थानीय निवासी होने की संभावना जताते हुए तत्काल आसपास के गांवों में फोटो के माध्यम से तस्दीक शुरू करवाई। उनके प्रयास के बाद युवक की पहचान देवेंद्र उर्फ बबलू पुत्र हरीश राम, निवासी ग्राम गडुवा सिरमोली, थाना कांडा के रूप में हुई।

सूचना मिलते ही थाने पहुंचे पिता हरीश राम ने बताया कि उनका पुत्र मूक-बधिर है और घर से रास्ता भटककर कहीं चला गया था, जिसे परिवार काफी समय से ढूंढ रहा था। युवक को थाने लाने वाले तीन युवक बिना किसी तथ्य के उसे 'बांग्लादेशी' बताकर क्षेत्र में झूठी अफवाह फैला रहे थे। उनके द्वारा आम जनता को भ्रमित करने और क्षेत्र में अशांति व तनाव का माहौल पैदा करने की कोशिश की गई।

पुलिस ने भाष्कर कपकोटी पुत्र खीम सिहं कपकोटी निवासी थाना कपकोट, गोलू उर्फ गौरव पुत्र दरवान सिंह कपकोटी निवासी कपकोट तथा जीतेंद्र तिरुवा उर्फ जीतू पुत्र ललित प्रसाद निवासी थाना कपकोट के विरुद्ध धारा 126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत चालानी कार्रवाई की है।पुलिस ने बिना पुष्टि के किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध अफवाह न फैलाने, सोशल मीडिया या सार्वजनिक स्थलों पर भ्रामक सूचनाएं साझा कर शांति व्यवस्था को खतरे में नहीं डालने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने, कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय सचिव का मनाया गया जन्मदिन

वेलकम इंडिया/ संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर संगठन के लोगो ने अंगवस्त्र व केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने संपूणानंद पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर दी जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दियो अजय मिश्रा ने बताया कि पांडेय सर के आवास पर जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया और कहा कि संगठन को में विश्वास रखने वाले सबके साथ संगठन को निरंतर मजबूत करने में प्रयासरत है ऐसे इच्छा शक्ति वाले कर्तव्य निष्ठा व्यक्ति अपना योगदान समाज में दे रहे हैं जो बेहद काबिले तारीफ है जिला सचिव संदीप सिंह ने कहा कि पाण्डेय जी हमेशा समाज में पूरी तत्परता व तन्मयता भाव से सामाजिक गतिविधियों में जनहित कार्य में सहभाग सदैव करते हैं।

संगठन से इस अवसर पर आशीष मोहन,राजू चौबे, डा. राजेश त्रिपाठी,अरुण शुक्ला, आशुतोष राय,जिलाध्यक्ष उमेश गिरी बना,सुजीत गुप्ता ने बहुत सारे संगठन के साथियों के साथ शुभकामनाएं बधाई दी।

## नर नारायण सेवा के तहत प्रभुजन सेवा संस्थान और मातृ शक्ति काशी प्रांत द्वारा गर्म कपड़ो का वितरण



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** धर्म की नगरी काशी के लोग धर्म के साथ कर्म के मामले में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते है उसी क्रम में रविवार को नीलकंठ लॉन तिलिमापुर आशापुर में नर नारायण सेवा के तहत प्रभुजन सेवा संस्थान और मातृ शक्ति काशी प्रांत द्वारा,गरीब,निराश्रित,बेसहारा,परिवार को कंबल के साथ टोपी,मोजा,ग्लब्स,ऊनी स्वेटर,शर्ट पैंट का वितरण किया गयो संस्थान की अध्यक्ष लक्ष्मी पाठक और मातृ शक्ति की सचिव डाक्टर मीता सिंह ने बताया की विगत एक माह से इस तरह का अभियान के तहत अस्सी घाट,लक्सा पर इन सामग्रियों का वितरण किया जा चुका है उसी क्रम में काशी के बाहरी इलाके को इस अभियान से जोड़ा गया। इस अभियान में उनके सहयोग में कई सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं ने उनके वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया जिसमें मुख्य रूप से दिलीप सिंह,देवश्री गुप्ता,नीता सिंह,दिलीप खन्ना,श्री कांत पांडे,नीता मिश्रा,सलिल मिश्र, प्रियंका गुप्ता,मंजू मिश्रा,बृजेश पाठक,श्रद्धा नंद सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी ने अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी ।** पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक,पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशांत वर्मा,पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सकुर्लेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो,वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरिक्षक सुखबीर सिंह,हेड कांस्टेबल राजबीर राम व हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार यादव के थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी व कांस्टेबल सतेन्द्र यादव तथा सीआईबी /बीएसबी के कांस्टेबल सतीश यादव सभी लोग रेलवे स्टेशन कैन्ट वाराणसी पर चेकिंग कर रहे थे दौरान चेकिंग पूर्वी छोर काशी सीईड प्लेटफार्म के अन्त मे स्टील गेट के सामने आये तो एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जिसे शक अपराधी होने की आशंका पर प्लेटफार्म नंबर एक पर पकड़ लिया गया ।पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम नितेश कुमार पुत्र कृष्ण बिहारी निवासी हरिहरपुर पोस्ट तराड़ थाना नोखा तरार जिला रोहतास बिहार उम्र करीब 23 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से नेवी ब्लू कलर स्काई पिट्ठू बैग में अवैध 45 पाउच देशी शराब मसाला ब्लू लाइम बरामद हुआ

## रामचरित मानस पाठ का हवन में आहुतियों के बीच विश्व कल्याण की कामना के साथ समापन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** रविवार को क्षेत्र के गांव रोरा में मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ जिला कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव के संयोजन में शिव मंदिर रोरा पर चल रहे 31 दिसंबर से राम चरित मानस पाठ हवन में जजमान ठाकुर इंद्रपाल सिंह उनकी धर्मपत्नी राजरानी व परिजनों ईस्ट मित्रों के साथ पंडित रामदत्त शर्मा के मंत्र उच्चारण के साथ आहुति देकर क्षेत्र जनपद प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की प्रदेश मंत्री डॉ चंद्र मोहन सिंह, पूर्व विधायक चौधरी गजेंद्र सिंह नागेंद्र सिंह रावल पत्रकार जहांगीराबाद प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह युधिष्ठिर सिंह तोमर,पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस ठाकुर राकेश भाटी जिलाध्यक्ष जिआउर रहमान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गॉड ब्लॉक प्रमुख चौधरी अतुल सिंह,नगर पालिका डिबाई अध्यक्ष अरुण ठाकुर, क्षत्रिय महासभा के संरक्षक कुंवर अभय प्रताप सिंह पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा अरुण सिसोदिया केपी सिंह परमार क्षत्रिय महासभा के महासचिव मेरठ प्रदीप राघव (लेफ्टनेट प्रवक्ता) अभिजीत सिंह चौहान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिंह राघव क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी सतेंदर सिंह चौहान व युवा साथी सतीश राघव मिलकेश सिंह चौहान व भूपेंद्र सिंह राघव कंचन सिंह चौहान डॉ जितेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य रामपाल सिंह कानपुर जिला पंचायत सदस्य अन्नू चौधरी सुभाष प्रधान अरविंद महाशय डूंगरा जाट किसान सेवक हिमांशु चौधरी किसान यूनियन चौधरी राजकुमार सिंह राशिद गाजी मंडल उपाध्यक्ष मनीष शर्मा सहित दर्जनों नेताओं समाजसेवी, क्षत्रिय महासभा के लोग शामिल रहें।

## डॉक्टर लियाकत अली जलज नाट्य कर्म विधा शब्दात्मिका सम्मान से हुए सम्मानित



**वाराणसी ।** अस्सी घाट स्थित सुबह ए बनारस के मंच पर नाट्य कर्मी शब्दात्मिका सम्मान से डाक्टर लियाकत अली जलज सम्मानित किए हुऐ सम्मान कार्यक्रम के इस अवसर पर पांच विशिष्ट जनों को शब्दात्मिका सम्मान से सम्मानित किया गयो कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर हरेंद्र राय सदस्य उच्चशिक्षा सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश,मुख्यातिथि प्रमोद कुमार मिश्र,विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 दंडी स्वामी श्रीमननारायण आश्रम,कार्यक्रम की संयोजिका सुबह ए बनारस मंजु मिश्रा के सानिध्य में सूर्य प्रकाश मिश्र,ऊषा पांडेय साहित्य कार,पंडित विजय कुमार,डाक्टर लियाकत अली जलज ख्यातिलब्ध नाट्यकर्मी,प्रो.शैलेश कुमार तिवारी ख्यातिलब्ध नाट्यकर्मी सहित पांच विशिष्ट जनों को शब्दात्मिका सम्मान से सम्मानित किया गया।इस अवसर डाक्टर जय प्रकाश मिश्र द्वारा रचित पुष्प वाटिका पुस्तक का लोकार्पण किया गयो कार्यक्रम का सफल संचालन नागेश शांडिल्य ने किया।

# कोतवाल ने टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों एवं चालकों के साथ की समन्वय बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोतवाल अनिल उपाध्याय द्वारा टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी एवं चालकों के साथ कोतवाली में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी उत्तरायणी मेले के दौरान बढ़ने वाली श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कोतवाल अनिल उपाध्याय ने टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों तथा सभी चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों का पार्किंग करने तथा नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े नही करने,के अतिरिक्त यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने, निर्धारित रूटों पर ही वाहनों का संचालन करने, ओवरलोडिंग न करने तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

कोतवाल द्वारा सभी को सख्त निर्देश दिए गए कि यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने पर शराब पीकर वाहन चलाने पर ऐसे चालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल ने सभी टैक्सी पदाधिकारियों से उत्तरायणी मेले में बेहतर यातायात व्यवस्थाबनाने, मेले में कुशल कानून व्यवस्था बनाने हेतु सभी से संवाद कर उनसे सहयोग की अपील की ।जिस पर सभी टैक्सी यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया ।तथा कोतवाल के द्वारा मित्रवत व्यवहार और हर समय किसी भी शिकायत पर आत्मीय भाव से पूर्ण सहयोग देने पर उनका आभार जताया। तथा मेले के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही ।वही कोतवाल ने सभी से यातायात व्यवस्था में बनाए गए नियम तथा कोतवाली क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में पुलिस के साथ बेहतर सामंजस्य और सूचना प्रदान करने और क्षेत्र में घटित विभिन्न घटनाओं या किसी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी सबसे पहले मिलने की बात कहते हुए कोतवाली पुलिस को बेहतर सहयोग देने, तथा क्षेत्र में किसी प्रकार से किसी बाहरी या संदिग्ध प्रतीत होने वाले कि जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

## पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 02 शातिर अभियुक्त को अवैध असलहा व कारतूसों सहित अलग-अलग स्थानों से रोहित पुत्र दीपचन्द निवासी मौ0 रामबाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद शिवम पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौ0 रामबाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं- 01/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे थे। अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किये जा रहे थे। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-18/26 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 व मुअसं-19/26 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृ कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# श्री श्याम संस्था द्वारा आयोजित राधा रानी के भजनों पर झूमें श्रद्धाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** नित्य निकुंज विलासी श्री श्याम संस्था द्वारा शनिवार को आयोजित हुये श्री राधा रानी संकीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भजन गायकों की प्रस्तुति पर जमकर आनन्द उठाया। देवेन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित टंकी वाले पार्क में नित्य निकुंज विलासी श्री श्याम श्याम संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल व पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली ने संयुक्त रूप से श्री राधा रानी की प्रतिमा के समक्ष पूजा उपरान्त दीप प्रज्जवलित कर किया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से सनातन की पवित्रता व मन, मस्तिक पवित्र रहता है। हमें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहियें।

आहवान किया कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से ईश्वर का ध्यान लगाने व उनके मनन का रास्ता मिलता है, और भगवान के प्रति पवित्रता के साथ ही जागृति उत्पन होती है। श्री धाम वृंदावन से वेद रसिक, संस्कृति राजपूत, प्रेम बिहारी दास, सचिन त्यागी के म्यूजिक ग्रुप के साथ ही रचित मस्तान एण्ड पार्टी के गायकों ने धार्मिक भजनों पर श्री राधा रानी का ऐसा गुणगान किया कि सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने झूमकर भजनों पर आनन्द उठाया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा, भाजपा नेता डॉ0 पवन सिंघल, महेश तायल, जितेन्द्र चैधरी, मधूर नेहरा व सोनू चैधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहें।

इसके अलावा विशेष सहयोगी के रूप में सचिन उर्फ सोनू, दुर्गेश गर्ग, अमित गर्ग, बिटटू कनौडिया, पवन दूबे, पीयूष कन्फैक्शनरी से वैभव जिन्दल, लक्षित गोयल, सैन्सरपाल आदि मौजूद रहें।

## ज्वैलर्स की दुकान से लाखों के गहने उडाये, दो महिला पकडीं

**बुगरासी।** कस्बे में तीन दिन से लगातार सुनार को लाखों की ज्वैलरी पर हाथ साफ कर रहीं दो महिला चोरों को पकड लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हिरासत में ले जांच पडताल शुरू कर दी है। पुलिस लिखित शिकायत मिलने पर कार्यवाई की बात कह रही है। कस्बे के मौहल्ला मंदिर वाला निवासी सोनी राजेश वर्मा की जेवी ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। पीडित ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे दुकान पर पहुंची दो बुर्का नशी महिलाओं ने गहने खरीदने के लिये देखने शुरू किये। गहने दिखाते हुए कुछ शक होने पर कैमरे की निगरानी शुरू कर दोनो को बिठा लिया। चौकी पुलिस को सूचना देकर कैमरे में चैक किया तो पिछले तीन दिन में लाखों कीमत चांदी के गहने चोरी करते दिखीं। बताया कि पांच जोडी सैंपिल चांदी, दो जोडी बच्चे के चांदी खंडवा, सात चैन चांदी की, ज्वैलरी की कीमत करीब सवा लाख बतायी है।

# कैथेटराइजेशन लैब का विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने श्रीहरदेव सिंह मेमोरियल अस्पताल में कैथेटराइजेशन लैब का का शुभारंभ किया। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि नगर में कैथेटराइजेशन लैब खुलने से चिकित्सा सेवा में क्षेत्र के लोगों को सुविधा हो जाएगी। अस्पताल की डॉ. प्रिया तोमर और डॉ. अजय कुमार तोमर डॉ. शालिनी तोमर व डॉ. विजय कुमार तोमर ने बताया कि श्रीहरदेव सिंह मेमोरियल अस्पताल, निवाडी रोड पर कैथेटराइजेशन लैब प्रारंभ होने से चिकित्सा सुविधा में क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सकेगी। हृदयाघात होने पर मरीजों को गाजियाबाद या मेरठ नहीं भागना पड़ेगा। दिल की नशो मैं छल्ले (एंजियोप्लास्टी) ऑपरेशन की सारी सुविधाएं मोदीनगर के निवाड़ी रोड पे हॉस्पिटल में मिलेंगी और मोदीनगर के आसपास क्षेत्र के लोगों को एक राहत की बात होगी। अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है ताकि चिकित्सा सुविधा का लाभ क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# विजय मलिक अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी ने कावेरी कॉलोनी निवासी विजय मलिक सुपुत्र नवाब सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। विजय मलिक के नियुक्ति पत्र में जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी ने कहा है कि समाज के प्रति आपकी सेवा व समाज के उत्थान में आपके योगदान को देखते हुए, अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अमरेन्दर सिंह व राष्ट्रीय महासचिव चौधरी युद्धवीर सिंह व प्रदेश अध्यक्ष प्रताप चौधरी की सहमति से आपको जाट महासभा के गाजियाबाद के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाता है।

आशा है कि आप जाट समाज को एकता के सूत्र में बांधने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व समाज को जागरूक कर संगठन को मजबूत करने में अपना अमूल्य योगदान देंगें। इस मौके पर अजय मलिक संजय मलिक बालेश्वर चौधरी डॉक्टर रामवीर सिंह देवेंद्र डायमंड चेतन नेहरा दिनेश चौधरी रामगोपाल रविंद्र नेहरा सत्येंद्र अजय पवार आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आशुतोष मित्तल बने आलोक पार्क कॉलोनी आरडब्ल्यू के अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** आलोक पार्क कॉलोनी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की नव समिति के हुए चुनाव में आशुतोष मित्तल को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए हैं। आलोक पार्क कॉलोनी निवासी लक्ष्मण राठी और जग शरण कंसल की देखरेख में कॉलोनी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की नव कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से आशुतोष मित्तल को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा समिति के अन्य पदाधिकारियों में प्रवीण सिंघल उपाध्यक्ष, शरद गुप्ता सचिन (एस्टेट), दीपक शुक्ला सचिव (पर्यावरण एवं सुरक्षा), अमित चिकारा को कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध रूप से चुना गया है। साथ ही सचिन शर्मा, पंकज कोटियाल, जतिन रुहेला व केपी कंसल सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आलोक पार्क कॉलोनी की नव निर्वाचित कमेटी ने अपने पदों के दायित्वानुसार कार्यभार संभाल लिया है। सभी कॉलोनी वासियों ने नवनिर्वाचित कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# दशमेश खालसा परिवार द्वारा शुरू की गई नई सेवा सेवा मुक्ति की: डॉ अरुण त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** इंसान चला जाता है ,पीछे छोड़ जाता है अपने विचार , संस्कार और सेवा कि सोच समाज के लिए। ट्रस्ट के संरक्षक डॉक्टर अरुण त्यागी ने बातचीत में बताया कि ट्रस्ट के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय डॉ केवल कृष्ण थमन्न जी संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले जब से सेवा शुरू करी, जब भी कोई जरूरत आई,बिना किसी नाम के वो संस्था के साथ अंतिम समय तक जुड़े रहे। आज उनकी याद में उनके जन्मदिवस के अवसर पर दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा एक नई सेवा शुरू की गई है जिसका नाम रखा गया है सेवा मुक्ति की।

इस सेवा में शहर में किसी भी लावारिस व्यक्ति का शव (देह) या कोई ऐसा परिवार जो कि धन के अभाव के कारण अपने किसी भी रिश्तेदार या जानकार का अंतिम संस्कार करने में सक्षम न हो तो उसके दाह संस्कार की सेवा दशमेश खालसा परिवार निभाएगा ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास भसीन द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा ये सेवा एक उद्देश्य के साथ शुरू की गई है जिसमें संस्था द्वारा ये कोशिश की जाएगी कि कोई भी इंसान यदि इस दुनिया को अलविदा कह जाता है तो उसका अंतिम संस्कार की क्रिया उसके धर्म के अन्तर्गत पूरे रीति रिवाज से होनी चाहिए। इस सेवा की सूचना को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए संस्था द्वारा शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,पुलिस स्टेशन ,पुलिस चौकी,हॉस्पिटल्स ,मंदिर, श्मशान घाट आदि पर इस सेवा से सम्बन्धित सूचना पट लगाए जाएंगे जिसमें हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए है। जिसके द्वारा कोई भी व्यक्ति किसी भी समय संस्था से संपर्क कर सकता है।

# जय श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा कम्बल एवं ऊनी वस्त्र वितरण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** जय श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा रविवार को चलो गाँव की ओर सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत शहर से चालीस किलोमीटर दूर कछवां बाजार के ग्रामीण इलाके में कम्बल एवं ऊनी वस्त्र वितरण का सोहनलाल जी माली राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग,उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य आतिथ्य में 500 लोगों वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से कम्बल,रजाई,मोजा, मफलर,टोपी आदि वस्त्र वितरण किया गया इस कड़ाके की ठंड में गांव वासी ऊनी वस्त्र पाकर काफी प्रफुल्लित हुए और सभी ने कहा कि जय कृष्णा फाउंडेशन के द्वारा इस प्रकार का कार्य सेवाभाव है

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि सोहनलाल जी माली ने कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है इससे ग्रामवासी,काफी प्रसन्चित लग रहे हैं इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में का संरक्षकत्व संजीव अग्रवाल तथा प्रदीप मल्होत्रा अनूप केशरवानी,युक्ति गुप्ता,डॉ किरण कौशिक,पल्लवी राकेश राजपूत, उषा अग्रवाल,रविंद्र राय,रितेश अग्रवाल, शिवपुर की विशेष उपस्थिति में गांव से ही जेएसके साथी अवनीश त्रिपाठी एवं उनके साथियों का विशेष सहयोग किया गया

इस अवसर पर संजीव अग्रवाल,अरविंद जैन,बृजेश दास लोड,दिव्या राकेश अग्रवाल,विनय गिरी,ऋषि जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव,डॉ ए.के.कौशिक,डॉ वीरेंद्र केसरी उपस्थित रहे।

# सोमनाथ अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)- नरेन्द्र मोदी (प्रधानमंत्री)

वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** सोमनाथ ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में,प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ,भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है सौराष्ट्रे सोमनाथं च यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है शास्त्रों में ये भी कहा गया है सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत अर्थात सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है दुर्भाग्यवश यही सोमनाथ जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना जिनका उद्देश्य विध्वंस था

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है फिर भी,एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है साल



1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनः निर्मित करने के प्रयास जारी रहे मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्त्रोतों में विस्तार से मिलता है जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं,ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर- दूर तक ले जाते थे

सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया और हर बार,पीढ़ी दर पीढ़ी,हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला,मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।


# पीडीए समाज के घर-घर में जाएगा समाजवादी पड़ा पंचांग कैलेंडर : आशुतोष सिन्हा एमएलसी सपा

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के शहर दक्षिणी विधानसभा के तत्वाधान में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डाक्टर अजय चौरसिया द्वारा प्रकाशित समाजवादी पीडीए पंचांग 2026 का विमोचन रविवार को एक निजी होटल के बैंक्वेट में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल पोर्टल चैनल प्रेस के प्रतिनिधियों और शहर दक्षिणी विधान सभा के समस्त वार्डों के सेक्टर और जोनल प्रभारियों के मध्य धूमधाम से स्नातक खंड क्षेत्र वाराणसी के विधान परिषद के सदस्य आशुतोष सिन्हा ने किया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समाजवादी और पीडीए विचारधारा को आगे बढ़ते हुए और आगामी 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त विधानसभा में पीडीए समाज को जोड़ने लिए अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में समाजवादी पीडीए पंचांग 2026 का कैलेंडर का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य एवं प्रत्याशी स्नातक खंड क्षेत्र वाराणसी आशुतोष सिन्हा थे तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल थे विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी शहर दक्षिणी की अध्यक्ष अजहर अली सिद्दीकी एवं कुशल संचालन समाजवादी पार्टी के महानगर महासचिव योगेंद्र यादव ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पीडीए पंचांग की विशेषता पीडीए समाज के महापुरुषों की जयंती



और उनकी पुण्यतिथि के अलावा ऐतिहासिक दिन को याद करके अपने पूर्वजों की गौरवशाली इतिहास को लगातार बताता चलेगा,इससे पीडीए समाज के नई पीढ़ी के नौजवान अपने महापुरुषों के सामाजिक योगदान को जान सकेंगे और याद कर सकेंगे

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश के अध्यक्ष और समाजवादी पीडीए पंचांग के प्रकाशक डाक्टर अजय चौरसिया ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से समाज को बांटने काम हो रहा है और हर बात में हिंदू-मुसलमान और मंदिर,मस्जिद की बात की जा रही है ऐसी हर जगह समाजवादी पीडीए पंचांग पहुंचाकर हम लोग एकता की भावना और सद्भावना का संदेश देंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि समाजवादी शब्द भारत के संविधान और लोकतंत्र की आत्मा है जिस प्रकार से शनिवार को समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ पार्टी मुख्यालय पर पीडीए समाजवादी पंचांग का विमोचन किया उससे पूरा उत्तर प्रदेश में संदेश ही नहीं क्रांति आ गई है और हम सभी पीडीए समाज के लोग समाजवादी पार्टी सरकार बनाने के लिए एकजुट एक मन हो गए हैं।

समाजवादी पीडीए पंचांग विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद दिलशाद अहमद व संजय मिश्रा, समाजवादी पार्टी के कार्यकारिणी के सदस्य ईशान श्रीवास्तव,समाजवादी पार्टी पूर्व महानगर अध्यक्ष पारसनाथ जायसवाल,रवि जायसवाल,इकबाल अंसारी,हिफाजत अली,सुमित जायसवाल, सुजीत गुप्ता,चरण दास गुप्ता,अभिषेक यादव डीएम,रवि शंकर यादव,मिथिलेश साहनी बच्चा,जौहर प्रिंस,आलोक गुप्ता,प्रदीप मोदनवाल, काशी नाथ गुप्ता, सोहनलाल चौरसिया, अजहर अली सिद्दीकी, मोहम्मद सलीम गुफरान अंसारी, रामजी यादव, संतोष यादव एडवोकेट,मोदस्सिर अहमद, शाहिद अन्सारी,अरसद खां, शशि गुप्ता,राहुल कन्नौजिया, समाजवादी पार्टी के शहर दक्षिणी विधानसभा के समस्त वार्डो के सेक्टर जनरल प्रभारी गण उपस्थित थे।

# सोशल अवेयरनेस सोसायटी संस्था द्वारा 1500 कंबलों का वितरण किए

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोशल अवेयरनेस सोसायटी संस्था द्वारा 1500 कंबलों का वितरण किया। शीत लहर का प्रकोप चल रहा है, इसको देखते हुए संस्था द्वारा गरीब लोगों के लिए कंबल वितरित किए। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि इन लोगों को इस सामाजिक और नेक कार्य द्वारा बड़ी राहत मिलेगी। हम सभी को बढ़-चढ़कर इस प्रकार के ईश्वरीय कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व मेयर आशु वर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना की। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभ आरम्भ विधायक अजीत पाल त्यागी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी.डी. शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव शिव ओम शर्मा, ब्रह्म ऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.के.शर्मा हनुमान, राष्ट्रीय कौटिल्य सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुबोध शर्मा, समाजसेवी राकेश मोहन सिंघल, समाजसेवी के.पी. गुप्ता, समाजसेवी देवेन्द्र हितकारी पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले,.व्यापार मंडल अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता बालू पंडित अशोक भारतीय सेक्टर 10 गुरुद्वारे के प्रधान एस एस पुरी दृष्टि सागर की मुख्य संपादक श्रीमती मधु शर्मा, रामलीला समिति मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, पूर्व महामंत्री आर एन पांडेय, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा हिंद आत्मा के मुख्य संपादक अशोक कौशिक, अश्रल्ला१२३१४३४१के चैयरमेन अजय शर्मा परमार्थ सेवा समिति के चेयरमैन वी के. अग्रवाल,पत्रकार रेखा अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, सतपाल उर्फ सत्तन यादव अंतराष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता, सत्या यादव चैयरमेन स्पोर्टस समिति , पर्यावरणविद् आकाश वशिष्ठ, आदित्य कौशिक संस्थापक फायर स्टार क्लब मेघना बंसल संस्थापक पैराडाज क्लब एडवोकेट मनीष वशिष्ठ एडवोकेट समाजसेवी के के पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता परमानंद शर्मा महानगर मीडिया संयोजक प्रदीप चौधरी सनातन धर्म मंदिर अध्यक्ष आर के सिंह पंजाबी संगठन के महानगर अध्यक्ष संजीव कपूर पार्षद राजेंद्र तीतोरिया डॉ राजेंद्र मित्तल पंडित सुनील दत्त शर्मा एस एस सेठी खन्ना जी पंडित राकेश शास्त्री पंडित मुकेश शास्त्री पंडित विघ्नेश झा डॉ रचित गोयल डॉ हरीश शर्मा एडवोकेट राजबीर त्यागी एडवोकेट ललित कटारिया बी एम त्यागी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

एडवोकेट अशोक शर्मा,श्रीचंद चौहान, संजीव गुप्ता, अनुराग कौशिक, आर एन राम मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, एन एस जी क्रिक्रेट अकादमी के संस्थापक गोल्डी सहगल, अंकित त्यागी दुष्यंत सिसोदिया, अजय त्यागी, डॉ. अनिल बंसल, तरुण अरोड़ा, मुकेश शर्मा, जगजीत कुमार, श्रीमती पूनम गर्ग, श्रीमती शानू खन्ना, अभिजीत मुखर्जी, ललित धवन, डी. डी. शर्मा, मनोज सिंह, आर. सी. शर्मा, पंकज भारद्वाज, अशोक गोयल, राजेश्वर यादव, नीरज दीक्षित, जय सिंह, किशोर कुमार, अरविंद कौशिक, अजय राघव, बी. सी. बंसल श्रीमती कविता चौहान हीरा लाल चौहान परमेंद्र त्रिपाठी रमा गुप्ता अमित गोस्वामी मनोज कुमार गिरी तीर्थ विशाल कुमार सोनू सिंह दुष्यंत चौधरी रामस्वरूप गोयल जुगनू ठाकुर आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विनीत शर्मा ने बतलाया पिछले 20 वर्षों से संस्था द्वारा गरीब लोगों को कंबल वितरित किए जाते हैं संस्था का परम गोविंद चैरिटेबल ट्रस्ट एन एस जी क्रिकेट अकादमी फायर स्टार क्लब रामेश्वरम पावर सेंटर आदि द्वारा प्रत्येक वर्ष विशेष सहयोग रहता है।



















## सेल प्रोमो रन 2026 का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** शनिवार सुबह 6 बजे से लोधी गार्डन में नए साल के अवसर पर सेल प्रोमो रन 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह नए साल की शुरूआत करने के लिए उत्साही रनर्स का जमावड़ा था। इसमें लगभग 80-90 धावकों ने भाग लिया। यह रन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. सुनीता गोदारा एशियन मैराथन चैंपियन की गाइडेंस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस तरह की प्रतियोगिता हर माह होती है जिसमें कोई भी धावक भाग ले सकता है। दिल्ली स्केचर्स रनिंग क्लब 2017 से शनिवार और मंगलवार को डॉ सुनीता गोदारा के मार्गदर्शन में मुफ्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ चल रहा है। सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट हैंपर और ओपन, 30+, 40+, 50+ और 60+ श्रेणियों में शीर्ष 3 पुरस्कार दिए गए।

## डेढ़ वर्ष से बिजली कनेक्शन के इंतजार में ई-सुविधा केंद्र

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के उद्देश्य से कोर्ट परिसर में स्थापित किया गया ईसुविधा केंद्र डेढ़ वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है।

इसका कारण बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पाना है। हाईकोर्ट की निगरानी में तैयार यह केंद्र सभी जरूरी ढांचागत सुविधाओं से लैस है, लेकिन बिजली आपूर्ति न होने से इसका संचालन ठप पड़ा है। इससे न्यायिक कार्यों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने की योजना फिलहाल अधूरी नजर आ रही है। कोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि ईसुविधा केंद्र के लिए बनाए गए पोटा केबिन का निर्माण जिस कंपनी द्वारा किया गया है, उसी को बिजली कनेक्शन की व्यवस्था भी करनी है। वहीं कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि कोर्ट प्रशासन बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराएगा। इस आपसी समन्वय की कमी के कारण मामला अटका हुआ है। अधिकारी के अनुसार इस संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद को पत्र भेजा गया है, वहां से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ई-सुविधा केंद्र का निर्माण मुंबई की एक विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा किया गया है। इसके शुरू होने से वर्चुअल कोर्ट से जुड़ी जानकारी एक जगह मिल जाएंगी।

## लीज पर भूमि दिलाने का झांसा देकर बिल्डर से 2.44 करोड़ ठगे

वेलकम इंडिया

**इंदिरापुरम।** वैशाली सेक्टर सात स्थित रामप्रस्थ ग्रींस निवासी बिल्डर मनोज कुमार सिंह से 2.44 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई।

आरोपियों ने उनको मोहन नगर कर्मचारी आवास समिति लिमिटेड वैशाली की जमीन लीज पर दिलाने का झांसा दिया था। बाद में आरोपियों ने जमीन दिलाने और रुपये वापस करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिसंबर 2025 में पुलिस से शिकायत हुई। एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद मामले में आरोपी सतीश शर्मा, भूषण त्यागी, योगेंद्र मुगराई, संजीव सोनी व साजिद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस से शिकायत दिसंबर 2025 में की गई थी। इसमें बिल्डर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में आरोपी सतीश शर्मा, भूषण त्यागी, योगेंद्र मुगराई, संजीव सोनी व साजिद उनसे प्रॉपर्टी डीलर बनकर मिले थे। उन्होंने मोहन नगर कर्मचारी आवास समिति लिमिटेड वैशाली की जमीन लीज पर दिलाने की बात कही थी। आरोपियों ने कुछ दस्तावेज भी दिखाए। इससे उन्हें भरोसा हो गया। वर्ष 2020 से 2022 के बीच उन्होंने आरोपियों को 2.44 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। छह महीने के भीतर लीज की कार्रवाई पूरी होने का भरोसा दिलाया गया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले तो आरोपी टालमटोल करते रहे और फिर जमीन दिलाने व रुपये वापस देने से साफ इन्कार कर दिया। उनका आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी गई।

डीसीपी निमिष पाटील ने बताया कि एंटी फ्रॉड सेल की जांच में पीड़ित के आरोप सही पाए गए हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।